**इटावा।** साइबर फ्राड शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 33 लाख रुपये जबकि दूसरे का बैंक अकाउंट हैक करके 10 लाख 40 हजार रुपये खातों से पार कर लिए। साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम ने कड़ी मशक्कत करके दोनों के 33 लाख 62 हजार रुपये वापस करा दिए। इस पर पीड़ितों ने पुलिस की जमकर सराहना की।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र में सरैया चुंगी के पास धनंजय पुरम कालोनी में रहने वाले मुरली कुमार के 25 जुलाई को साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम से 33 लाख रुपये निकाल लिए। दूसरे मामले में थाना लवेदी क्षेत्र में गांव इंगुर्री के रामचंद्र ओझा के बैंक खाता को हैक करके 28 जुलाई को 10 लाख 40 हजार रुपये निकाल लिए। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक रण बहादुर सिंह के नेतृत्व में टीम लगातार बैंक अधिकारी, नोडल अधिकारी आदि से संपर्क में जुटी हुई थी। इसके चलते बुधवार दीपावली पर्व पर मुरली कुमार के 28 लाख 35 हजार 986 रुपये तथा रामचंद्र के पांच लाख 26 हजार रुपये खातों में वापस करा दी गई।

## सार-संक्षेप

### कहासुनी को लेकर दो जगह मारपीट, पथराव

**इटावा।** बच्चों के बीच कहासुनी को लेकर दो जगह मारपीट व पथराव की घटना हुई। मामले में एक दूसरे के खिलाफ दर्ज कराए हैं। शहर में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में इसी क्षेत्र में सुंदरपुर से रहने वाले प्रमोद कुमार ने पड़ोसी मुन्ना लाल सहित उसके 10 परिजनों के खिलाफ जबकि दूसरे पक्ष से रामसिंह ने प्रमोद कुमार सहित उसके आठ परिजनों के खिलाफ बच्चों को लेकर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने जान से मारने की धमकी देते हुए पथराव करने के मुकदमे दर्ज कराए हैं। इसी थाना में गांव पचावली की किरण कुमारी पत्नी राकेश कुमार ने पड़ोसी मनीष उसकी पत्नी कंचन तथा श्रीपाल की बेटी शिखा के खिलाफ तो दूसरी ओर से शिखा ने किरण तथा उसके पति राकेश के खिलाफ गाली गलौज मारपीट करने के मुकदमे दर्ज कराए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू की।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**इटावा।** मोहल्ला अजीत नगर निवासी समीर चौधरी 28 वर्ष पुत्र प्रमोद कुमार मंगलवार की शाम को अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मकसूद पुरा में गया था। वहां पर किसी बात को लेकर उसने कमरे में फंदा डालकर फांसी लगा ली। जानकारी होने पर ससुराल के लोगों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों के अलावा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### किशोरी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** 11 दिन पूर्व एक किशोरी की हत्या कर बोरी में बंद कर शव को यमुना नदी में फेंकने के मामले में शेष बचे दो आरोपियों में से मृतका के मौसा के भाई को भी पुलिस ने बलरई रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। सीओ नागेन्द्र चौबे ने बताया कि राजस्थान राज्य के धौलपुर जिले के गांव कांटर पुर थाना राजाखेड़ा की रहने वाली सावित्री देवी पत्नी स्व रामभजन ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसमें मृतका किशोरी अंजली के मौसा सत्यभान, मौसी व नाना पूरन सिंह को एक दिन पूर्व हत्या के आरोप में जेल भेज चुकी है। दो आरोपी फरार चल रहे थे। जिनमें से मौसा के भाई सिंटू पुत्र रामनाथ को बलरई रेल्वे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं हत्या करने में नामजद महिला आरोपी मृतका किशोरी की नानी अभी फरार चल रही है।

### विकसित राष्ट्र बनाने में युवा करें भागीदारी : सरिता


**इटावा।** नेहरू युवा केंद्र माय भारत के तहत पक्का तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने माय भारत के एक वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिला युवा अधिकारी सोनिका चन्द्रा ने बताया कि 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक नगर पालिका चौराहा, शास्त्री चौराहा पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। समापन कार्यक्रम पक्का तालाब पर किया गया जिसमें माय भारत के साथ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की अहम भूमिका रही। यातायात स्वयंसेवक के रूप में कुल दस स्वयंसेवकों ने शास्त्री चौराहा, चौधरी पेट्रोल पम्प पर अपनी सेवाये दी वहीं हॉस्पिटल सेवा से सीखें में कुल तेरह स्वयंसेवक लगातार एक अक्तूबर से 30 अक्टूबर तक अपनी सेवाये दी। कार्यक्रम में लेखाकार श्रवण कुमार बाथम, डा हरीशंकर पटेल, राजेश कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नत्थी लाल कुशवाहा, सफाई नायक नरेश, रजनीश राठौर, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला संरक्षक संतोष पटेल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, सर्वेश चौहान, इकरार अहमद सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### वकीलों ने की कलमबंद हड़ताल

**इटावा।** जनपद न्यायालय गाजियाबाद के जनपद न्यायाधीश के आदेश पर पुलिस द्वारा कोर्ट के अन्दर अधिवक्तागण पर लाठीचार्ज कराए जाने की घटना के विरोध में बुधवार को सिविल बार एसो. व डिस्ट्रिक्ट बार एसो. द्वारा संयुक्त रूप से निन्दा प्रस्ताव पारित कर विरोध किया गया। डीबीए व सीवीए के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी अधिवक्तागण बार एसो. गाजियाबाद के साथ है, जिला बार एवं सिविल बार के अधिवक्तागणों ने पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य कलम बन्द हड़ताल रखकर विरोध प्रदर्शन किया व जिला बार व सिविल एसोसियेशन इटावा अपने सदस्य अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम,अध्यक्ष एमएसीटी आदि को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया। इसकी जानकारी सीवीए के प्रवक्ता वीरु कठेरिया ने दी है।
























दीपो नाशयते ध्वान्तं धनारोग्ये प्रयच्छति।
कल्याणाय भवत्येव दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते।।

दीप प्रज्वलित करने से अंधकार का नाश होता है, धन और आरोग्य की प्राप्ति होती है तथा सुख और समृद्धि भी प्राप्त होती है। हे दीपक! हम तुम्हारे उज्ज्वल प्रकाश को नमन करते हैं।

## संपादकीय

# दीपावली की सच्ची खुशी

त्योहार हमें उमंग एवं उल्लास से भरकर अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं। त्योहारों को मनाने से सांस्कृतिक सद्भाव का वातावरण बनता है। दीपावली का पर्व सबके लिए है। जीवनशैली में आए बदलाव की वजह से पूजन, अर्चन, प्रार्थना और पारिवारिक समारोहों के इस पर्व का रोशनी की जगमगाहट और आतिशबाजी प्रमुख हिस्सा बन गया है। दीपावली धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक पर्व भी है, जो हमें एक-दूसरे के प्रति अपनत्व, प्रेम और स्नेह का संदेश देता है। आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। विडंबना ही है कि समय के साथ-साथ हमारे उजास पर्व को तमाम तरह की कृत्रिमताओं ने घेरा है। सच्चाई यह है कि त्योहार मनाने के तरीके समय के साथ बदलते रहे हैं। अब हमारे त्योहारों को मनाने के परंपरागत तरीकों की जगह दिखावा हावी हो गया है। इस बदलाव की वजह से त्योहारों का वास्तविक स्वरूप लोग भूलने लगे हैं। हमें ध्यान रखना होगा कि यदि हम संपन्नता का फूहड़ प्रदर्शन करके त्योहार मनाएंगे तो यह पर्व के मर्म से छल ही होगा। कुल मिलाकर त्योहार को बाजार के भरोसे छोड़ दिया गया है। वैसे तो दिवाली मिठाई खाने और नए कपड़े खरीदने का मौका है, लेकिन यह दो सबसे जरूरी चीजों से जुड़ा है - दीया और आतिशबाजी। निश्चित रूप से पटाखे फोड़ने के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती और हर कोई आतिशबाजी पसंद करता है, लेकिन भले ही आप पटाखे फोड़कर परंपरा को बनाए रखें, लेकिन उन्हें चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना भी जरूरी है। पटाखे का प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक है। प्रदूषण की स्थिति देश में भयावह है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण पर सख्ती दिखाते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को फटकार लगाई।

अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 21 जीवन के अधिकार के तहत शुद्ध हवा हरेक नागरिक का मूल अधिकार है। विशेषज्ञों के अनुसार ठोस कचरे से फैलने वाले प्रदूषण और जल प्रदूषण के मुकाबले वायु प्रदूषण अधिक हानिकारक है। दीपावली के आसपास वायु एवं ध्वनि प्रदूषण का स्तर अत्यधिक बढ़ जाता है। हर साल दीपावली के बाद के दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक तेजी से बढ़ता है। दीपावली की सच्ची खुशी केवल अपने घर को रोशन करने में ही नहीं है, बल्कि दूसरों के जीवन में भी रोशनी फैलाने में भी है। साथ ही हमें पर्यावरणीय चिंताओं का भी ध्यान रखते हुए, सुरक्षित ढंग से दीपावली मनाने का संकल्प लेना होगा।

# दीपावली राष्ट्रीय पर्व क्यों बना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

महारात्रि दीपावली शक्ति उपासना का पर्व। हर्ष (ई.606-648) रचित नागानंद नाटक में दीप प्रतिपदुत्सव का उल्लेख हुआ। नीलमत पुराण में विस्तार से वर्णन हुआ। लक्ष्मी पूजन, दीपवृक्ष, परिजनों का दान-मान तथा दयिताभिश्च सहितैः सुखरात्रि का वर्णन हुआ।

लक्ष्मी का रूप धन-धान्य, वैभव, समृद्धि, सुख-संपन्नता वेद के श्रीसूक्त में है। यह बात ठीक है, किंतु ध्यान देने की बात यह है कि दीपावली राष्ट्रीय पर्व क्यों बना? क्योंकि विविध संस्कृतियां उत्सव मनाने के लिए एकत्र हो गईं। समरस हो गईं, अंतर्भुक्त हो गईं। वात्स्यायन ने इसे यक्षरात्रि कहा, महिमनी। यशोधर कामसूत्र के टीकाकार थे, उन्होंने स्पष्ट किया यक्षरात्रिरिति सुखरात्रिः,यक्षाणां तत्र सन्निधानात। 11 वीं शताब्दी के हेमचंद्र ने इसे जक्खरती कहा। तांत्रिकों ने कहा कालरात्रि महारात्रि मोहरात्रिश्च दारुणा।

महारात्रि दीपावली शक्ति उपासना का पर्व। हर्ष (ई.606-648) रचित नागानंद नाटक में दीप प्रतिपदुत्सव का उल्लेख हुआ। नीलमत पुराण में विस्तार से वर्णन हुआ। लक्ष्मी पूजन, दीपवृक्ष, परिजनों का दान-मान तथा दयिताभिश्च सहितैः सुखरात्रि का वर्णन हुआ। सोमदेव सूरि के यशस्तिलक चंपू में दीपोत्सव, प्रदीपोत्सव और दीपावली नाम आ गया। दीपोत्सवः तव तनोतु। या दीपावली द्युतिपुत्र पुर सौधबंधः। बाद में प्रबंध चिंतामणि और आकाश भैरव कल्प में राष्ट्रवर्द्धन महोत्सव का रूप बना। सारांश में यह अनेकानेक उत्सवों की अंतर्भुक्ति है। समुद्र मंथन का मिथक भी दीपावली से जुड़ता है, 14 रत्न? धन्वंतरि का प्राकट्य? महाकवि अश्वघोष-सा पद्मरागं वसनं वसाना, पद्मानना-पद्म दलायिताक्षी। वह सुंदरी पद्म के रंग के कपड़े, कमल जैसा मुख और कमल जैसे नेत्र, लावण्यमयी। वह पद्मा लक्ष्मी। धन वैभव के साथ ही लक्ष्मी उपासना सौंदर्य की उपासना भी है। लक्ष्मी के सौंदर्यांकन में उपासकों, कलाकारों (चित्रकारों, मूर्तिकारों, कवियों)ने अपनी जिस प्रतिभा का समायोजन किया वह अद्भुत है।

लोक जीवन की युगयात्रा में कितने-कितने मोड़ आते हैं, कितने-कितने परिवर्तन हो जाते हैं कि हम कल्पना भी नहीं कर पाते। संस्कृति बहती है, वह रुका हुआ जलाशय नहीं है। दीपावली को आज अधिकांश में लक्ष्मी-गणेश का पूजन पर्व माना जाता है, किंतु उस जमाने में गोकुल में दीपावली इंद्र पूजा का पर्व था। सूरदास के कई पदों में इन्द्र पूजा का उल्लेख है ये इन्द्र हैं कुल देव हमारे। दीप मालिका के दिन पांचक गोपन कहयौ बुलाई का उल्लेख किया है। करौ बिचार इंद्र पूजा कौ जो चाहौ सो लेहु मंगाई। अथवा पूजा करत इंद्र की जानी। कृष्ण ने नंदबाबा से पूछा हमारे यहां यह क्या हो रहा है? किस देव की पूजा की तैयारी हो रही है? नंदबाबा ने उत्तर दिया कि बेटा, इंद्र मेघों का स्वामी देवता है, वह वर्षा करता है। हम उसकी मान्यता करते हैं। उसकी पूजा करते हैं। यज्ञ करते हैं। यह हमारी पुरानी रीत है। श्रीकृष्ण के समय में ब्रज में इंद्र पूजा होती थी, अब इंद्र पूजा नहीं होती है।

परंपरा में परिवर्तन का यह एक उल्लेखनीय उदाहरण है। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं है कि हमने अभी तक संस्कृति संबंधी अध्ययनों की उपेक्षा ही की है। यही कारण है कि संस्कृति को लेकर नाना प्रकार के भ्रम हैं। दो अतिवाद हैं। एक को तो संस्कृति शब्द सुनकर ही बुखार आ जाता है।

परंपरा में परिवर्तन का यह एक उल्लेखनीय उदाहरण है। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं है कि हमने अभी तक संस्कृति संबंधी अध्ययनों की उपेक्षा ही की है। यही कारण है कि संस्कृति को लेकर नाना प्रकार के भ्रम हैं। दो अतिवाद हैं। एक को तो संस्कृति शब्द सुनकर ही बुखार आ जाता है। अरे भाई, तुम संस्कृति में ही जी रहे हो। तुम्हारा विश्वबोध और जीवनशैली संस्कृति ही तो है। आप लोग मिथक शब्द सुनकर ही क्यों परेशान हो जाते हैं? अब दीपावली को ही देखें, समूचा भारत और भारत के बाहर संसार में रहने वाले भारतीय दीपावली मना रहे हैं, इतना विशाल आयोजन। यह मिथक की ही तो शक्ति है। लक्ष्मी-गणेश हमारे जीवन में, हमारे घर-परिवार में शुभ और लाभ के भाव के रूप में पधारेंगे। यह क्या है? एक मिथक है, किंतु हमारी चेतना में व्याप्त सत्य है। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है, सत्य है। आंख खोलकर देखें, भारत दीपावली मना रहा है, यथार्थ है, वास्तविक है, यह सपना नहीं है। सच है। आप कानून से तो दीपावली मनाने को बाध्य नहीं कर सकते थे। फिर भी यह मिथक है, समुद्र मंथन हुआ और लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है, मिथक का सत्य हमारे जीवन में है। यह मत समझ लेना कि किसी वर्ण ने इसे जबरदस्ती जनता पर लाद दिया। किसी पर कुछ भी नहीं लादा जा सकता। आज तो लोकतंत्र है, उस जमाने में जब बादशाह का हुक्म ही कानून होता था, उस समय भी बादशाह दीन ए इलाही चला नहीं सका। अब आप और गहरे उतरें और चलकर देखें, गांव में वह वृद्धा दीपावली की कहानी सुना रही है। ध्यान दीजिए कहानी की नायिका भटियारिन है। क्यों?

दीपावली की रात उस गांव में एक बड़ी-बूढ़ी श्रद्धा-विश्वास के साथ लक्ष्मी की कथा सुना रही है। सब बाल-बच्चे हाथ में थोड़ी खील लेकर कहानी सुन रहे हैं। आज रात को लक्ष्मी अपने घर में आएंगी, चलिए आप भी हाथ में थोड़ी खील लेकर वह पवित्र कथा सुन लीजिए। भाट और भटियारिन की कथा। कंगाली थी। भाट से भटियारिन ने कहा कि कुछ कमा के ही नहीं लाता, घर में आए तो कुछ लेकर आया कर। भाट घर लौट रहा था तो एक मरा हुआ सांप पड़ा था। उसने सोचा, चलो इसी को ले चलूं, नहीं तो भटियारिन कहेगी कि खाली आ गया। भटियारिन ने मरा सांप छप्पर पर पटक दिया। उधर राज्य की रानी अपनी मोतीमाला उतारकर सरोवर में नहा रही थी कि चील उसकी माला लेकर उड़ी। भटियारिन के छप्पर पर मरा सांप था, चील ने उसे उठाया और माला पटक दी। भटियारिन ने माला ले ली। उधर राजा की ओर से मुनादी फिरी कि माला लाकर देगा उसे मुंह-मांगा इनाम दिया जाएगा। भटियारिन पंहुच गई। रानी ने इनाम मांगने को कहा तो भटियारिन बोली दीपावली की रात मांगती हूं। इस रात केवल मेरे यहां ही दीप जलें। चारों ओर अंधेरा देखकर लक्ष्मी ने भटियारिन का दरवाजा खटखटाया। भटियारिन ने कहा लक्ष्मी, तू चंचला है,पहले कौल-करार कर कि मेरी सात पीढ़ियों तक तू मेरे यहां रहेगी। लक्ष्मी अंधेरे में घबरा रही थी, बोली भाग्यवान ऐसे ही सही। तू दरवाजा खोल। लक्ष्मी भटियारिन के घर आई और भटयारिन के यहां चारों कोने, पांचवीं देहरी सुख ही सुख, समृद्धि ही समृद्धि। भटियारिन के यहां चारों ओर सुख-समृद्धि बिखर गई। हाथ की खील लक्ष्मी-गणेश पर चढ़ा दीजिए। जय लक्ष्मी परमेश्वरी। जैसे भटियारिन के यहां आई ऐसे सब किसी के यहां आना। सबके यहां सुख समृद्धि आए। भगवान! जैसे भटियारिन के दिन बदले ऐसे सब किसी के दिन बदलें, सबके यहां सुख समृद्धि आए। दीपक की महिमा पर ध्यान दीजिए। ध्यान दीजिए कहानी की नायिका भटियारिन है।

दूसरी बात यम का दीपक और यम संबंधी अनुष्ठान भी यम द्वितीया दीपावली के विस्तार में मौजूद हैं। यम का सूत्र वैदिक काल से जुड़ जाता है। तीसरी बात बहुत स्पष्ट है और वह यह कि ब्रज की लोक परंपरा में गोवर्द्धन पूजा दीपावली के विस्तार में विद्यमान है। भागवत की कृष्ण कथा में इन्द्र पूजा के स्थान पर गोवर्द्धन पूजा की प्रतिष्ठा हुई। ब्रज में इससे पहले दीपावली के दिन इन्द्र पूजा होती थी यह बात सूरदास जी ने बहुत विस्तार से लिखी है। दीपावली के और अधिक विस्तार में जाएं तो हमको जेम्स फ्रेजर का गोल्डनबाउ नजर आता है, जिन्होंने ईसा पूर्व के समय में मिश्र में दीपावली की प्रथा का उल्लेख किया है, जो ओसिरिस की पत्नी ईसिस के सम्मान में किया जाता था। प्लूटार्क तथा हेरोडोटस ने इसका वर्णन किया है। वहां जौ बोने का अनुष्ठान उसी प्रकार से जुड़ा है जैसे हमारे यहां खील का संबंध दीपावली से है। ईसिस का गायों के प्रति गहरा प्यार है। उसका रूप गाय का रूप है। डॉ. सत्येन्द्र ने ईसिस को अदिति से जोड़ा है, उनका कहना है कि ऋग्वेद में अदिति को भी धेनु कहा गया है। उन्होंने ओसिरिस और यम की समानता भी बतलाई है। ओसिरिस भी आत्माओं का देवता है।

गणेश-लक्ष्मी का संबंध यक्ष संस्कृति से भी है और इस संबंध को लेकर कुमार स्वामी ने विस्तार से लिखा है। जक्खरती शब्द दीपावली से जुड़ा हुआ है। इतना व्यापक पर्व केवल एक सांस्कृतिक धारा से ही नहीं जुड़ा हुआ है। कितनी ही सांस्कृतिक धाराओं की अंतर्भुक्ति दीपावली के महापर्व में है।

## व्यंग्य

# लक्ष्मी मान गईं तो



लोग बताते हैं कि धन की देवी उल्लू पर सवार होकर धरती पर घूमती है, जो कोई उन्हें पसंद आ जाए उसे निहाल कर देती है। हालांकि उनकी पसंद देखकर ताज्जुब हो सकता है आपको। कोई क्यों पसंद आ जाता है उन्हें? किसी को निहाल करने बाबत उन्होंने क्या नियम-कायदे तय किए हुए हैं, ये उनके अलावा और कोई नहीं जानता। खैर वो तो देवी हैं उनके मन की थाह ले पाना हम जैसे कमबुद्धि वाले लोगों के बस की बात नहीं।

लक्ष्मी माता, जिन्हें अपनी गोद में बैठने का मौका देती है, जो लगातार लदे रहते हैं उनकी गोद में, उनके भाग्यवान होने पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। चूंकि लक्ष्मी सबसे राजी नहीं होती, इसलिए पूरी दुनिया में गरीब ज्यादा हैं और अमीर कम। ऐसे में अमीर हमेशा यह सोच कर टेंशन में रहते हैं कि ये सारे गरीब मिलकर उनके राजपाट को चौपट कर सकते हैं। ऐसे में सबसे पहले गरीबों को यह यकीन दिलाया गया कि गरीब होना उनका प्रारब्ध है। उनके पहले के जन्मों के पापों की सजा है। इस सजा को चुपचाप भुगत लेना समझदारी होगा। जब सारे गरीब इस झांसे में नहीं आए तो गरीब को इज्जत देने का रिवाज शुरू किया गया। बताइए दरिद्र नारायण की अवधारणा और कही-सुनी है आपने? ऊपर से संतोषी सदा सुखी वाली बात भी है। गरीब इन्हीं विचारों के चक्कर में गरीब बना रहना चाहता है हमारे देश का और इसी धारणा के चलते हमारे अमीर पूरे इत्मीनान से लक्ष्मी के हाथ से टपकते सिक्के इकट्ठे करते रहते हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पंजाबियों को छोड़कर हमारे देश का हर करोड़पति यह चाहता है कि किसी को इस बाबत पता न चले। करोड़पतियों को यही शोभा देता है। गुदड़ी ओढ़कर घी पीने का चलन है हमारे यहां। अमीरों को हिकारत से देखा जाता है हमारे यहां और सादगी भरे लोगों की, भले वो अपनी करनी से गरीब हुए हो की इज्जत की जाती है। करोड़पति पूरी कोशिश करते हैं कि किसी को उनकी तिजोरी की कानों कान खबर न होने पाए। बहुत बार तो बंदे के मरने के बाद ही पब्लिक को पता चल पाता है कि मरहूम कितनी बड़ी दौलत के पहाड़ पर बैठा था। अमीरों का ऐसा करना जायज भी है। अमीरों से जलने का रिवाज है हमारे यहां। किसी के अमीर होने की भनक भर लग जाए लोगों को पूरे गांव के लोग रिश्तेदारी निकाल लेंगे, आसपास मख्खियों की तरह भिनकने लगेंगे और यदि आप कुछ देने से इंकार करें,मंगते नहीं ले पाए कुछ आपसे तो बद्दुआएं तो दे ही जाएंगें। लोग आपसे इसलिए पैसे नहीं मांगते क्योंकि वो वाकई जरूरत मंद हैं वो ऐसा इसलिए करके यह चैक करना चाहते है कि आप वाकई मालदार हैं भी या नहीं। उन्हें लगता है वो आपको यह सोचकर खुशी-खुशी धन दे देंगे, क्योंकि वो आपसे संभाले नहीं संभल रहा। उन्हें लगता है कि ज्यादा पैसा आपको टेंशन दे रहा है। ऐसे में वो आपसे उधार नहीं मांगते वो आपकी मदद करना चाहते है। हो सकता है आप दरिद्र नारायण होने से खुश न हों। कुछ वजहें हो सकती हैं, आपके ठन-ठन गोपाल होने की। कम अकल हैं आप। आपकी शक्ल भी कुछ खास नहीं। आप बातें बनाना नहीं जानते। आपके बाप कुछ खास नहीं छोड़ गए आपके लिए। आपका कोई रिश्तेदार मंत्री पार्षद नहीं। मोहल्ले के बड़े गुंडे से आपकी दुआ सलाम नहीं। आप की जेबें फटी हुई हैं। बीबी आपको खदेड़ती है, बच्चे कहे में नहीं। निराश हैं आप जीवन से। यदि ऐसा है तब भी यह न सोचें ये सारी दिक्कतें आप के घर तक लक्ष्मी के आने में स्पीड ब्रेकर हैं। आप सब्र बनाए रखें, बस लक्ष्मी की पूजा करते रहे, कहा नहीं जा सकता, वो कब अपने उल्लू को आपके छप्पर पर लैंड करवा दें और उसे फाड़ दे।

लक्ष्मी के राजी होते ही, आपसे कतराने वाले, मख्खियों की तरह भिनभिनाएंगे आपके चारों तरफ। ऐसे मिलेंगे जैसे आप उनके कुंभ के मेले में बिछुड़े हुए भाई हों। लक्ष्मी राजी हों आपसे तो आपके सात खून माफ हैं। ऐसे में बाकी सभी काम छोड़े और लक्ष्मीजी को मनाने की कोशिशें करते रहे। आज मौका है आपके पास। मना लीजिए लक्ष्मी जी को। यदि वो मान गई तो आप भी मान जाएंगे कि मेरा कहा सोलह आने सच्ची है।

# बेरोजगारी की समस्या के आयाम



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

धार्मिक शिक्षा को प्रमुखता देने वाले कई संस्थान छात्रों को धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों पर अधिक जोर देते हैं। जबकि व्यावसायिक और तकनीकी कौशलों पर कम ध्यान दिया जाता है।

भारत की शिक्षा प्रणाली का मुख्य ध्यान अकादमिक शिक्षा पर है, जबकि व्यावहारिक और तकनीकी कौशलों का अभाव है। इसका परिणाम यह होता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त लोग भी उन नौकरियों के लिए आवश्यक कौशलों से वंचित रहते हैं, जिनकी वर्तमान नौकरी बाजार में मांग है। भारत में बड़ी संख्या में लोग रोजगार पाने की अपेक्षा रखते हैं बजाय खुद का व्यवसाय या उद्योग शुरू करने के। इसमें सामाजिक सुरक्षा का अभाव और जोखिम लेने की अनिच्छा भी शामिल है। पारंपरिक सोच और नौकरी की मानसिकता के कारण उद्यमिता के क्षेत्र में बढ़ावा नहीं मिल पाता है।

कई बार परिवारों में सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण केवल कुछ गिने-चुने क्षेत्रों (जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल) में ही करियर बनाने का दबाव होता है। इससे कई लोग अपने रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चुनाव नहीं कर पाते और बेरोजगारी बढ़ती है। भारत में रोजगार के अधिकतर अवसर शहरी क्षेत्रों में केंद्रित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के अलावा अन्य रोजगार के अवसर सीमित हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी अधिक है।

बेरोजगारी की समस्या के पीछे धार्मिक और दार्शनिक कारण भी अहम भूमिका निभाते हैं। भारत में कर्म और पुनर्जन्म का सिद्धांत व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। इस विचारधारा के कारण लोग यह मानते हैं कि वर्तमान जीवन में कष्ट उनके पिछले जन्म के कर्मों का फल है और इसे सहना ही उचित है। इसके चलते कई लोग अपनी वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिए प्रयास करने के बजाय इसे भाग्य के साथ स्वीकार कर लेते हैं, जिससे बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान कठिन हो जाता है। भारत में पारंपरिक पेशों को धर्म और संस्कृति से जोड़कर देखा जाता है। उदाहरण के लिए कुछ समुदाय विशेष प्रकार के कार्यों से जुड़े हुए हैं और उनके लिए अन्य कार्यों में संलग्न होना सामाजिक रूप से वर्जित समझा जा सकता है। यह धार्मिक आस्थाओं के कारण भी है कि लोग अपने पारंपरिक पेशों को छोड़कर नए रोजगार की दिशा में कदम नहीं बढ़ाते, जिससे रोजगार के विविध क्षेत्रों में असंतुलन पैदा होता है।

धार्मिक शिक्षा को प्रमुखता देने वाले कई संस्थान छात्रों को धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों पर अधिक जोर देते हैं। जबकि व्यावसायिक और तकनीकी कौशलों पर कम ध्यान दिया जाता है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं, क्योंकि आधुनिक नौकरी बाजार में उनके कौशल उपयुक्त नहीं होते। धार्मिक और दार्शनिक विचारधाराएं न केवल व्यक्तिगत मानसिकता को प्रभावित करती हैं, बल्कि सामूहिक रूप से भी समाज की आर्थिक संरचना पर प्रभाव डालती हैं। इसलिए बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए इन धार्मिक और दार्शनिक पहलुओं पर भी विचार करना आवश्यक है ताकि रोजगार और विकास के नए मार्ग खुल सकें। कल्चरल इकोनॉमिक्स यह मानती है कि समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक धारणाएं लोगों के आर्थिक व्यवहार को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत से प्रेरित लोग उद्यमिता में रुचि नहीं लेते और समाज में सामाजिक रैंकिंग के आधार पर अपने कार्य चुनते हैं। सांस्कृतिक अर्थशास्त्र इन धारणाओं का अध्ययन करके यह समझने की कोशिश करता है कि किस प्रकार सांस्कृतिक मूल्य आर्थिक निर्णयों और बाजार परिणामों को प्रभावित करते हैं।

हेविट थ्योरी कहती हैं कि लोग आर्थिक निर्णय अपने सामाजिक और सांस्कृतिक आदतों के आधार पर करते हैं। यदि कोई समाज धार्मिक रूप से परंपरागत पेशों में विश्वास करता है तो लोगों की रोजगार आदतें उन्हीं पेशों के आसपास केंद्रित होंगी। उदाहरण के लिए पारंपरिक जातिगत पेशों के कारण रोजगार का चयन सीमित हो सकता है। इससे श्रम बाजार का विविधीकरण रुक सकता है, जो बेरोजगारी की स्थिति को और बढ़ाता है। थ्योरी ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ एंड डेवलपमेंट सिद्धांत बताता है कि आर्थिक विकास में शिक्षा, तकनीकी प्रगति, उद्यमिता और निवेश का महत्वपूर्ण योगदान होता है, लेकिन धार्मिक मान्यताओं के कारण यदि लोग आधुनिक शिक्षा और तकनीकी कौशलों पर जोर नहीं देते तो आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। धार्मिक संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं का रोजगार में योगदान सीमित हो सकता है। इस प्रकार विकास का सिद्धांत सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं के प्रभाव को भी महत्वपूर्ण मानता है।

## सोशल फोरम

# उल्लुओं वाली बात

रातों में बेहतर देखने वाला एकमात्र जीव, जिसकी दृष्टि इतनी पैनी होती है कि वह वस्तु को थ्री डी एंगल यानी उसकी लंबाई-चौड़ाई और ऊंचाई तीनों में देख सकता है।

दीवाली में देवी लक्ष्मी की हर तरफ चर्चा है, लेकिन उनके वाहन उल्लुओं की बात कोई नहीं करता। यह शायद इसलिए कि उन्हें हमने मूर्खता का पर्याय मान रखा है। सच इसके विपरीत ही है। पक्षियों की यह प्रजाति दुनिया के कुछ सबसे अद्भुत और बुद्धिमान जीवों में एक है।

रातों में बेहतर देखने वाला एकमात्र जीव, जिसकी दृष्टि इतनी पैनी होती है कि वह वस्तु को थ्री डी एंगल यानी उसकी लंबाई-चौड़ाई और ऊंचाई तीनों में देख सकता है। वह अपने सिर को दोनों दिशाओं में 270 डिग्री तक घुमा सकने में सक्षम है। उल्लू हम इंसानों की श्रवण सीमा से दस गुनी धीमी आवाज सुन सकता है। पृथ्वी के वातावरण में मौजूद कई-कई तरह के हानिकारक कीड़ों का शिकार करने के कारण उसे प्रकृति का सफाईकर्मी कहा जाता है। दुनिया के कई देशों में उल्लुओं को ज्ञान का प्रतीक कहा गया है। यूनान की पौराणिक कथाओं के अनुसार बुद्धि की देवी एथेन उल्लू का रूप धरकर पृथ्वी पर आती हैं और लोगों को बुद्धि का वरदान देती है। चीनी फेंगशुई में उल्लू सौभाग्य और सुरक्षा का प्रतीक है। जापानियों की नजर में उल्लू मुसीबत में उनकी रक्षा करता है। हमारा ज्योतिषशास्त्र मानता है कि उल्लू की मुद्राओं, बोली और उड़ान भरने की स्थिति से भूत, भविष्य और वर्तमान की घटनाओं का पता लगाया जा सकता है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

तात्पर्य यह कि उल्लुओं का सम्मान करिए। धन की देवी लक्ष्मी और ज्ञान की देवी सरस्वती दोनों ही प्रसन्न होंगी। कोई आपको उल्लू कहे तो अपमानित नहीं, बल्कि सम्मानित महसूस करिए। उल्लुओं के बारे में इतना कुछ जान लेने के बाद मेरी हार्दिक इच्छा रहती है कि लोग मुझे उल्लू कहकर बुलाएं। किसी ने तो नहीं कहा, लेकिन मेरी अपनी घरवाली दिन में जितनी बार मुझे उल्लू कहती है उतनी बार मैं आत्मगौरव की भावना से भर जाता हूं। **-फेसबुक वॉल से**

# लक्ष्मी एक : दृष्टिकोण अनेक

संस्कृत के एक नीतिकार केवल वैराग्य को ही भय रहित मानते हैं, शेष सबको भय युक्त। उसमें उन्होंने भोग में रोग का भय,उच्च कुल में पतित हो जाने का भय तथा वित्त में राजा का भय बताया है। लोकोक्तियां भी हैं," जिनके घर मा बाढ़े दाम। तिन को कहा राम सों काम"।। और "नौका मा पानी बढ़ै घर मा बाढ़ैं दाम। दोनों हाथ उलीचिये यहै सयानो काम"।। कथाएं ऐसी भी हैं कि जहां धर्म है वहां भगवान विष्णु हैं और जहां भगवान हैं, वहां उनकी पत्नी लक्ष्मी अपने आप हैं।

लक्ष्मी पूजन का पर्व दीपावली उपस्थित है। उनकी अर्चना, उपासना और प्रसन्न करने की विविध विधियां हैं। अब तो लोग उनकी लब्धि के अनैतिक उपाय भी धड़ल्ले से अपनाते देखे जा रहे हैं। नित्य के भौतिक जीवन में उनकी अनिवार्यता से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि इस बिंदु पर मत भिन्नता है। पक्ष में नाना पूजा विधियां, स्तोत्र और मंत्र हैं। कनकधारा स्तोत्र, पंडितराज जगन्नाथ की 'लक्ष्मी लहरी', दुर्गा सप्तशती का श्लोक "या देवी सर्व भूतेषु लक्ष्मी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः"।। बहु प्रचलित हैं। उनका बीज मंत्र "ह्रीं" है।

नीति के एक श्लोक में कहा गया है कि "जिसके पास वित्त है वही नर कुलीन है, वही पंडित और वेदज्ञ गुणी है, वही वक्ता व दर्शनीय है, सभी गुण कंचन में हैं (सर्वे गुणाः कांचन माश्रयंते)। रहीम कवि ने कहा है,"रहिमन कंचन कुचन को, को न बढ़ावत हाथ"। गांव की कहावत है "पैसा मा तीन नाम। परसू परसोले परसराम"। संस्कृत वाङ्मय की प्राचीन कथावों में शूद्रक के "मृच्छकटिकम्" में एक कथा है "चारुदत्तस्य दारिद्रयम"(चारुदत्त की दरिद्रता (उसमें चारुदत्त कहता है,"दरिद्रता और मरण में मैं मरण को चुनता हूं, क्योंकि मरण में क्षणिक कष्ट ही है, दरिद्रता में अनंत क्लेश है"। दुर्गा सप्तशती में कहा गया है कि 'सत्कर्मियों की लक्ष्मी वे ही हैं। ऐसा होते हुए भी एक भिन्न मत इसे त्याज्य मानता है। जब राजा परीक्षित के शासन काल में कलियुग आया और रहने की जगह मांगी, तो उन्होंने पहले उसे सोने (स्वर्ण) में ही निवास दिया। तुलसीदास जी कहते हैं, "रमा विलास राम अनुरागी तजत वमन जिमि जन बड़ भागी"।। महर्षि पतंजलि ने भी अपने "योग दर्शन" के 'विभूति पाद' में ऐसी विभूतियों को साधना और सिद्धि के बीच व्यवधान मानकर उन्हें तिरस्कृत करने की सलाह दी है। जनक और भरत राजा होकर भी संन्यासी की तरह धन से निर्लिप्त रहते थे। ईषावास्य उपनिषद् का पहला मंत्र ही कहता है कि 'सब कुछ ईश्वरमय है, अतः त्यागभाव से भोग करो, यह धन किसका है यानी किसी का नहीं है'। कबीर ने नर और नारायण के बीच लोभ लालच को ही व्यवधान माना है,"पूत पियारो पिता को कौहन लागा धाय लोभ मिठाई हाथ दै आपण गया भुलाय"।।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संस्कृत के एक नीतिकार केवल वैराग्य को ही भय रहित मानते हैं, शेष सबको भय युक्त। उसमें उन्होंने भोग में रोग का भय,उच्च कुल में पतित हो जाने का भय तथा वित्त में राजा का भय बताया है। लोकोक्तियां भी हैं," जिनके घर मा बाढ़े दाम। तिन को कहा राम सों काम"।। और "नौका मा पानी बढ़ै घर मा बाढ़ैं दाम। दोनों हाथ उलीचिये यहै सयानो काम"।। कथाएं ऐसी भी हैं कि जहां धर्म है वहां भगवान विष्णु हैं और जहां भगवान हैं, वहां उनकी पत्नी लक्ष्मी अपने आप हैं। मेरी समझ में प्रवृत्ति मार्गी के लिए न्यायपूर्ण और नैतिक साधनों से अर्जित लक्ष्मी गलत नहीं है।

# लक्ष्मी की अवधारणा

राम का मिथक जैन, बौद्ध और हिंदू तीनों धर्मों में मौजूद है। बौद्ध उन्हें बोधिसत्व मानते हैं, हिंदू विष्णु का अवतार, जैन उन्हें जिन का भक्त मानते हैं। ऐसे ही लक्ष्मी का मिथक है।

बौद्ध और जैन धर्मों में भी धन व संपत्ति की देवी लक्ष्मी का कांसेप्ट है। कुछ दार्शनिक आधारों को छोड़ दें तो वैष्णव, जैन और बौद्ध धर्मों के मिथक कमोबेश एक जैसे हैं, जिनका विकास लगभग साथ-साथ ही हुआ है। अब किसने किससे क्या लिया है यह कोई मुद्दा नहीं है। सबने एक-दूसरे को प्रभावित किया है। रही बात दार्शनिक आधारों की तो प्राचीन भारत में जैन, बौद्ध, न्याय, सांख्य, योग, चार्वाक, वैदिक, शैव, वैष्णव आदि दर्शन मौजूद रहे हैं, जिनके मूल स्वरुप अलग-अलग रहे हैं, लेकिन मिथकों का विकास भारत में लगभग एक जैसे ही हुआ है।



नवमीत नव
पानीपत

राम का मिथक जैन, बौद्ध और हिन्दू तीनों धर्मों में मौजूद है। बौद्ध उन्हें बोधिसत्व मानते हैं, हिंदू विष्णु का अवतार, जैन उन्हें जिन का भक्त मानते हैं। ऐसे ही लक्ष्मी का मिथक है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सभ्यताओं में धन, उर्वरा शक्ति और संपदा के देवियों की पूजा होती रही है। मिथकों विकास मानव समाज के विकास के साथ होता ही है।

मूल बात है कि आधुनिक युग में जबकि हमें प्राकृतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान आदि की ठीक-ठाक समझ है तो इस तरह के मिथकों का समाज से लोप क्यों नहीं रहा है? बल्कि ये पहले से भी ज्यादा भोंडे रूप में आक्रामक तरीके से फैल रहे हैं। तमाम वैज्ञानिक प्रगति के बावजूद अंधविश्वास खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। सिर्फ मिथक ही नहीं बल्कि बाबा कल्चर भी नग्न रूप से समाज कों जकड़ में लिए हुए है, क्योंकि पूंजीवाद को इसकी जरूरत है।

# नगर में उजाला करने के लिए 500 लाइट और मंगाई जाएंगी

## सड़कें व गलियां दुरुस्त करने के लिए गैस कंपनी से की जाएगी वसूली

कार्यालय संवाददाता,औरैया


बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन राघव मिश्रा, ईओ एवं सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर पंचायत दिबियापुर की बोर्ड बैठक में प्रकाश व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए 500 लाइटें और खरीदे जाने का का प्रस्ताव पास किया गया। वहीं गैस आपूर्ति लाइन बिछाई जाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क, गलियों के पुनर्निर्माण के लिए संबंधित गैस कंपनी से एस्टीमेट के आधार पर धनराशि की वसूल करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई। नगर के मोहल्ला संजय नगर में बाल्मीकि समाज की गली का निर्माण कराए जाने और वहां प्रकाश व्यवस्था, नाला नाली निर्माण व पटिया रखवाए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र में टॉरेंट गैस द्वारा गैस आपूर्ति लाइन बिछाई जाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर गैस कंपनी से वसूली किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सत्यदेव सिंह, सभासद सीमा देवी, राहुल दीक्षित इंद्रपाल सिंह रेखा देवी राजेश कुमार अधिशासी अधिकारी विनय कुमार पांडे, प्रभारी लिपिक नागेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### यह प्रस्ताव भी किए गए पास

- विद्युत पोल पर इंटरनेट, केबल कनेक्शन के लिए बिछाई गई लाइन हटवाने व जुर्माना वसूला जाएगा।
- आवारा जानवरों को पकड़ने को कैटल कैचर वाहन खरीदा जाएगा।
- नाला-नाली पर अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।
- अवैध रूप से संचालित आरओ वॉटर प्लांट पर भी कार्यवाही होगी।

# घर में घुसे चोरों ने जेवर व नकदी समेत पार किया लाखों का सामान

संवाददाता अछल्दा,औरैया


खुली पड़ी अलमारी को दिखाती गृहणी।

**अमृत विचार।** अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर में मंगलवार रात एक मकान की दीवाल तोड़कर चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपयों के जेवरात पार कर दिये। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर परिजनों से पूछताछ की है।

गांव विक्रमपुर निवासी शिवम कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार रात खाना खाकर कमरे के अंदर सो गया। पत्नी शशि देवी मायके हीरापुर गई हुई थी। छोटा भाई सत्यम, मां सरोज देवी बाहर बरामदे में सो रही थीं। पीड़ित रात बाथरूम करने के लिए गया तो देखा कमरे के अंदर रखी अलमारी खुली थी। जिसमें रखे 90 हजार रुपये नकद समेत लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर लेकर चोर फरार हो गए। पीड़ित शिवम ने बताया 11 मार्च 2024 को शादी हुई थी जिसमें 9 लाख रुपए का जेवर बनवाया गया था। चोरी की जानकारी डायल 112 पर दी गई। थाना प्रभारी बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की है। गांव के पीछे ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे लगा हुआ है।

## मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**अजीतमल,औरैया।** क्षेत्र के अमावता गांव निवासी हेमंत सिंह बीते 28 अक्टूबर को गांव की एक गली से निकल रहा था। आरोप है कि उस गली मे अपने घर के पास खड़े राजन अकेला, लल्ला सिंह और उसके पुत्र गोपी ने गलियां देते हुए मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, बेटी ने हत्या का लगाया आरोप

**अछल्दा,औरैया।** अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव चिमकुनी निवासी राज नरायन दोहरे की पत्नी मीना देवी (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार सुबह फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसके बाद महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसकी पुत्री ने मां की हत्या कर जिंदा शव को जलाने का लगाया आरोप। सूचना पर पहुची सीओ भरत पसवान ने गांव पहुंचककर पूछताछ की। इस दौरान परिजन घर से गायब हो गए है।

किशोरी रीनू ने पुलिस को तहरीर दी है कि मां बरामदे में फांसी के फंदे पर लटकी थी। उसी समय उसने एक व्यक्ति मौके से भागता देखा। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर फंदे से उतारा, तब मां की सांस चल रही थी। इसी बीच ऑटो चालक अजय निवासी चिमकुनी व तीन अज्ञात लोग मेरी मां को ऑटो में बैठाकर अस्पताल ले जाने को कहकर चले गए। इसके बाद शमशान घाट जाकर जिंदा जला दिया। किशोरी ने इस मामले की सूचना अपने ननिहाल में दी।

## सार-संक्षेप


पीस कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष गंगा दास। अमृत विचार

### फफूंद थाना परिसर में की गई पीस कमेटी की बैठक

**फफूंद,औरैया।** औरैया पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देशन में फफूंद थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने की। जिसमें उपस्थित लोगों को कई निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक गंगा दास गौतम ने बताया कि सभी को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सभी हल्का प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ की गशत को बढ़ा दिया है। दुकानदारों से अपील कि आप लोग अपनी दुकानों के सीसीटीवी कैमरा एक्टिव रखें। नगर के बाजार के प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग लगाकर जाम को खत्म करने का काम किया जा रहा है। अछल्दा चौराहा मुरादगंज तिराहा पर त्रिनेत्र रूपी कैमरा 24 घंटा काम कर रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर कुरैशी के सहयोग से तीन बड़े कैमरे नगर के प्रमुख तिराहे एवं चौराहे पर लगवाए गए हैं। पीस कमेटी की बैठक में तमाम दुकानदार, प्रधान व नगर के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।


स्कूल स्टॉफ को गिफ्ट व मिठाई देते प्रबंधक आयुष जादौन। अमृत विचार

### रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**हरचंदपुर /रामगढ़/औरैया।** क़स्बा पूर्वा छनन हरचंदपुर स्थित जीडी एकेडमी इंगलिश मीडियम स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने हुनर दिखाया। मंगलवार को हरचंदपुर पंचायत के ग्राम पूर्वा छनन में स्थित भारत सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रबंधक आयुष जादौन के एक दूसरी शैक्षिक शाखा जीडी अकैडमी में दीपावली अवकाश से पूर्व हुनर निखारने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाकर लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक भगवान सिंह जादौन प्रबंधक आयुष जादौन व विद्यालय परिवार के अन्य लोग मौजूद रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम हर्षित कक्षा 4, द्वितीय प्रशांत कक्षा 5, तृतीय स्थान संस्कार कक्षा 3 ने प्राप्त किया। सभी प्रतियोगी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### सपा नेता को पितृ शोक, लोगों ने दी श्रद्धांजलि


नंदे गुप्ता।

**बिधूना,औरैया।** बुधवार को सपा के नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता के 65 वर्षीय पिता समाजसेवी नंदे गुप्ता का देहावसान हो गया। वह बीते लगभग चार माह से हृदय आदि की बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन पर नगर एवं क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। अरिंद नदी के भैरों घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता एल एस, विधायक रेखा वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह कुशवाह, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश गौतम, सपा की राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर,विधानसभा अध्यक्ष रानू पालीवाल,पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चंद्र अग्निहोत्री, अजय अग्निहोत्री, प्रबंधक एके सिंह यादव, लालजी गुप्ता विधायक प्रतिनिधि, नरेश यादव, प्रदीप कश्यप, ध्यान सिंह यादव, छत्रपाल सिंह वर्मा, राजेश प्रताप यादव आदि ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# आस्था के दीपों से जगमगाया यमुना तट

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने यमुना मैया की पूजा-अर्चना की


शहीद स्मारक पर दीप जलाते नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता एवं समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा छोटी दीपावली (नरक चतुर्दशी) के मौके पर बुधवार शाम यमुना तट, शहीद स्मारक व शहर के प्रमुख चौराहों पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनूप गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, औरैया व समिति के सदस्यों ने करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र परम तेजस्वी सूर्यपुत्री यमुना मैया की पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत अपने व अपने परिवार की सुख-समृद्धि व सलामती हेतु श्रद्धा का एक-एक दीपक यमुना मैया को समर्पित किया। दीपोत्सव के बाद अध्यक्ष महोदय द्वारा यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों की दैनिक सफाई करने वाले सफाई कर्मी रज्जन बाल्मीकि व रामप्रसाद को शॉल, मिष्ठान व आर्थिक भेंट प्रदान की गई। दीपोत्सव आयोजन के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरु) ने बताया कि रोशनी के पर्व पर लोग अपने-अपने घरों को रोशन कर दीपावली की खुशियां मना रहे हैं जबकि समिति के सदस्यों ने यमुना तट पहुंचकर यमुना मैया के चरणों में दीपोत्सव का आयोजन किया।समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि दीपावली दिवस पर नदी घाटों, सरोवरों पर दीप जलाने से अदृश्य पुण्य आत्माएं व देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। यमुना तट पर दीपदान के उपरांत समिति के सदस्यों द्वारा देवकली मंदिर के समीप स्थित शहीद स्मारक पर वीर सपूत शहीदों को नमन करते हुए दीपोत्सव किया गया तथा शहर के प्रमुख सुभाष व जेसीज चौराहों पर दीप जलाते हुए दीपावली मनाई गई। आयोजन के समापन पर समिति के संस्थापक ने जागरूक नागरिकों व बच्चों से प्रदूषित करने वाले पटाखे न चलने की अपील की है। मनोज गुप्ता एडवोकेट, सभासद विनोद यादव, समाजसेवी रानू पोरवाल, संजय अग्रवाल, देवेंद्र आर्य, संस्कार अग्रवाल, मोना यादव, अंशिका यादव, आस्था यादव, सतीश चंद्र, राम अवतार, श्री कृष्ण भारती, वीरेंद्र कुमार, हिमांशु दुबे आदि रहे।


मंदिर में दीप जलाते ग्रामवासी।

# 21 हजार दीपक से सजाया ब्रह्मदेव मंदिर

**कंचौसी,औरैया।** हर साल की तरह जमौली गांव स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर 21 हजार दीपों से दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। गांव के लोगों ने शाम से ही मिट्टी के दिये जलाने की शुरुआत की, जो देर रात तक जारी रही। इस अद्भुत दृश्य ने मंदिर परिसर को ऐसे जगमगाया दिया मानो स्वर्ग का एक अंश धरती पर उतर आया हो। गांव और आस पास के हर घर से महिलाएं,पुरुष, बच्चे बढ़-चढ़कर इस दीपोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम आयोजक रविन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि दीपोत्सव मनाने की यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। दीपों की रोशनी ने न केवल मंदिर परिसर को आलोकित किया बल्कि गांव के धार्मिक और सांस्कृतिक एकजुटता का भी संदेश दिया। ब्रह्मदेव मंदिर के पुजारी शिवप्रसाद शर्मा ने बताया कि मंदिर में दीप जलाने की यह प्रथा कई वर्षों से चली आ रही है। इस अवसर पर जमौली और आस पास के सभी ग्रामवासी शामिल रहे।

# शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक ही चलाये जा सकेंगे पटाखे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एडीएम ने कहा, 10 बजे के बाद पटाखे फोड़ने पर कार्रवाई हो सकती है

**अमृत विचार।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण फर्रुखाबाद द्वारा सुरक्षित दीपावली मनाये जाने हेतु अग्नि सुरक्षा के उपायों के दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक निर्देश जारी किये गए हैं। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने बताया कि पटाखे शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक ही चलाने की अनुमति है। 10 बजे के बाद पटाखे फोड़ने पर कार्रवाई हो सकती है।

उन्होंने कहा कि बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अत्यधिक भार न दे शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना से विशेष रूप से सर्तक रहे। बाजार से लाये गये पटाखों को घर के वयस्क व्यक्ति के नियंत्रण में सुरक्षित स्थान पर रखें एवं आग से दूर रखें। तेज आवाज वाले पटाखे स्कूल, कालेज, हास्पिटल, आश्रम आदि के पास न छूढाये यह ध्वनि प्रदूषण के साथ आपके एवं दूसरों के कानों को नुकसान पहुंचा सकते है तथा दिल के मरीजो को अत्यधिक नुकसान की संभावना रहती है।

पटाखे चलाते समय मोटे सूती एवं चुस्त कपडे पहने,डीले कपडे पहनने पर अग्नि दुर्घटना की संभावना रहती है। पटाखे हमेशा खुले स्थान पर किसी वयस्क की उपस्थिति पर ही बच्चों को चलाने दें।



गरीब परिवारों को उपहार वितरित करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी।

# जिलाधिकारी ने गरीब परिवारों को बांटे गिफ्ट

**औरैया।** दीपावली के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ग्राम लालपुर नौली में पहुंचकर गरीब और असमर्थ परिवारों के बीच खुशियां बांटी। उन्होंने गरीब परिवारों के लिए दीपक, बाती, घी, खील, खिलौने और पूजन सामग्री जैसी आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। जिससे उन परिवारों में पर्व की रौनक बढ़ सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों को मिठाई भेंट की और दीपावली के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि त्योहारों का असली उद्देश्य एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटना और सामूहिकता का अनुभव करना है। जिलाधिकारी की इस पहल ने न केवल गरीब परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि समाज में एकजुटता और सहानुभूति का संदेश भी दिया। उनके प्रयासों ने साबित किया है कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए छोटे-छोटे कदम कितने महत्वपूर्ण होते हैं। एडीएम (वि/रा) महेंद्र पाल सिंह व समस्त उप जिलाधिकारी रहे।

# टेम्पो व बुलेट में भिड़ंत, पांच घायल

**कायमगंज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव इकलहरा के पास टेम्पो व बुलेट मोटर साईकिल में आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमे कई लोग गंभीर घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी भर्ती कराया गया। जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव बुडैली निवासी सौरभ (24) अपनी बुलेट मोटर साइकिल से कायमगंज आ रहा था। रास्ते में थाना कम्पिल के गांव इकलहरा के पास सामने से आ रहें। तेज रफ्तार टेम्पो से उसकी बुलेट मोटरसाइकिल की आपने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद सौरभ दूर जा और गंभीर घायल होने के साथ ही उसकी टांग टूट गई। उधर टेम्पो में बैठी सवारियां गंभीर घायल हो गई। जिसमे जनपद बदायूं के थाना उसैत के गांव कुंअर निवासी रामजीत का 7 वर्षीय पुत्र आर्यन, सोनवती (65) व गंगादीन (70) उसैत निवासी धीरपाल (38) व रामदेवी (36) घायल हो गए।










## धर्म-अध्यात्म

### 3 से 12 नवंबर तक होगा महायज्ञ, 4 को निकलेगी कलश यात्रा

# मां पीतांबरा महायज्ञ की निकली शोभायात्रा

संवाददाता बिधूना औरैया


शोभा यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोक कल्याण के लिए कस्बा के सुप्रसिद्ध वनखण्डेश्वर मंदिर परिसर में आगामी 3 से 12 नवम्बर तक आयोजित होने वाले 108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के लिए नगर में धूमधाम से मां राजराजेश्वरी की पालकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। नगर के लोगों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। शोभा यात्रा को देख नगर के लोगों में भक्ति का माहौल नजर आया। शोभा यात्रा से ही प्रतीत हो रहा था कि मां राजराजेश्वरी का यह महामहोत्सव अपने आप में ऐतिहासिक होगा।

लखीमपुर खीरी के संत रामदास महाराज के सानिध्य में नगर के पौराणिक बनखण्डेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आगामी 3 से 12 नवम्बर तक 108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीताम्बरा महायज्ञ का आयोजन होना है। महायज्ञ की तैयारी के लिए क्षेत्र में लगातार पिछले एक माह से मां पीतांबरा के भक्तों, सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रण दिया जा रहा था। जिसको लेकर बुधवार को नगर में मां राजराजेश्वरी की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा ने अपने आवास के सामने मां की पालकी पर फूल माला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। साथ में चल रहे संत रामदास महाराज को माला पहनाकर उनका स्वागत भी स्वागत किया। शोभा यात्रा में कस्बे के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। महायज्ञ पर चर्चा करते हुए संत रामदास महाराज ने कहा कि जब कहीं पर यज्ञ होता है तो वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है और जिन आराध्यों का आह्वान किया जाता है वह सुख, शांति और समृद्धि के लिए सभी को आशीर्वाद देते हैं। इस समय नगर का वातावरण किसी धर्म नगरी सा दिखाई दे रहा है।

## 13 वर्ष बाद बहू को घर से निकाला

**अजीतमल,औरैया।** कस्बे के मोहल्ला राजीव नगर निवासी साधु सिंह की पुत्री वंदना देवी ने अपने पति सहित अन्य लोगो के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। वंदना का विवाह करीब 13 वर्ष पहले लखनऊ के राजीव नगर, तेली बाग घुसयाना निवासी महेंद्र वर्मा के साथ हुआ था। उनके 11 वर्ष का एक पुत्र है। विवाह के बाद से ही ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे थे। बीते 29 जून को 20 लाख रुपये दहेज की मांग करते हुए वंदना और पुत्र को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

### सूचना

मैंने अपना नाम AMAAN MURTUZA से बदलकर AMAN MURTUZA रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: SYED QAMAR ALI R/O: MADARPUR, AMBEDKAR NAGAR , UP

### सूचना

सूचित हो कि राजेन्द्र पुत्र मेवालाल, नि0- ग्राम ककरदही पो0 बाघपुर तहसील मैथा जनपद कानपुर देहात का निवासी हूँ,, मेरा पुत्र समीर उम्र 18 वर्ष का चाल चलन ठीक नहीं है, आये दिन गाँव में और बाहरी लोगों के साथ झगड़ा -फसाद करता रहता है तथा वह परिवार से अलग करता है और बाहर नौकरी करता था। वह विगत कई महिनो से लापता है.। अतः मैने अपने पुत्र समीर को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने किये गये कार्यो का स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है।












# हादसे में जख्मी पीडब्ल्यूडी के लिपिक की भी मौत

## मंगलवार को खरीदारी के लिए जाते समय डंपर ने रौंद दिया था, दो बच्चों की मौके पर मौत हुई थी, नम आंखों से किया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** धनतेरस की शाम पीडब्ल्यूडी स्थित आवासीय कालोनी से बाइक से खरीदारी के लिए जा रहे पीडब्ल्यूडी के लिपिक की बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी थी। मौके पर ही उनके दो बच्चों की मौत हो गई थी जबकि लिपिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घर के दोनों दीपक बुझ जाने से परिवार की दीवाली काली हो गई। बुधवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।


आयुष व अथर्व।


घटना की जानकारी लेते एडीएम विजय शंकर तिवारी व एएसपी मनोज कुमार गुप्ता।

मंगलवार को धनतेरस पर शहर के रमेड़ी तरौस निवासी पीडब्ल्यूडी के लिपिक जय प्रकाश सविता (52) अपने पुत्र आयुष (13) व अथर्व (12) के साथ बाजार में खरीदारी करने के लिए बाइक से निकले थे। रात करीब 9.10 बजे जैसे ही वह शहर के अमन शहीद तिराहे पर पीडब्ल्यूडी के पास पहुंचे, तभी कुरारा की ओर जा रहे तेज रफ्तार खाली डंपर ने पिता-पुत्रों को रौंद दिया। इससे घटना में आयुष और अथर्व की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों के शव करीब 15 मीटर तक घिसट गए। पिता को घायल अवस्था में कानपुर रेफर किया गया। जहां रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचे एडीएम विजय शंकर तिवारी, एएसपी मनोज कुमार गुप्ता और सीओ राजेश कमल ने घटना की जानकारी ली। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने पिता और दो बच्चों की मौत पर दुख जताया, तीनों शवों का गमगीन माहौल में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### परिजनों ने एंबुलेंस में ऑक्सीजन न होने का लगाया आरोप

मृतक के भतीजे धर्मेंद्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि जिस एंबुलेंस में उनके घायल चाचा रामप्रकाश को कानपुर रेफर किया गया। उसमें ऑक्सीजन की सुविधा नहीं थी। जिसके चलते रास्ते में उनके चाचा की मौत हो गई। हालांकि जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने इन आरोपों को नकार दिया है।

### लोडर चालक ने महिला को मारी टक्कर

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के देवीगंज ग्राम पंचायत के मजरा राजा डेरा में लोडर चालक ने महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के राजा का डेरा मजरा निवासी सेवा राम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को सुबह सात बजे दूध लेने जा रहे लोडर ने मेरी मां को सड़क किनारे टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिससे उसे चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में युवक की बस से दबकर मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुस्करा मार्ग पर बिहूनी गांव के पास बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक अपने दोस्त को छोड़कर घर वापस आ रहा था।


आर्यन त्रिपाठी।

कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी आर्यन त्रिपाठी उर्फ शिवम (22) पुत्र प्रदीप कुमार त्रिपाठी मंगलवार को अपने दोस्त विवेक के साथ बाइक से बागेश्वर धाम गया था। बताया जाता है कि वापस राठ आते समय समय वह विवके को छोड़कर मुस्करा थाने के बिहूनी गांव से होते हुए राठ आ रहा था। बिहूनी गांव के पास तेज रफ्तार एक बाइक की टक्कर से वह सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही रोडवेज की बस ने युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आर्यन अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था। आर्यन बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। थानाध्यक्ष मुस्करा ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हाईवे में बाइक सवार 2 युवकों को कार ने कुचला, थमीं सांसें

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के कुरारा डामर गांव के बीच कालपी हमीरपुर हाईवे में मंगलवार रात करीब 12 बजे हड्डी पुलिया के पास सड़क किनारे खड़े बाइक सवार दो दोस्तों को कार ने रौंद दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की सूचना पर स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के कुरारा डामर गांव के बीच हड्डी पुलिया के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कस्बा कुरारा निवासी दो दोस्त अभय प्रताप सिंह (26) पुत्र स्व जाहर सिंह व प्रियांशु उर्फ़ लकी (24) पुत्र राजेश गुप्ता सड़क के किनारे खड़े थे तभी उरई की तरफ से आ रही तेज रफ्तार फोर व्हीलर ने दोनों को रौंदते निकल गई। डाला। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ. उमेर अली ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होते न देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दोनों घायलों की मौत हो गई। अभय प्रताप सिंह कस्बे के एक प्राइवेट विद्यालय में डांस टीचर था और प्रियांशु उर्फ लकी फैशन डिजाइनर का काम करता था, वह दो भाइयों में सबसे बड़ा भाई था और एक बहन है। पिता किराना की दुकान चलाते हैं। मां बीमार रहती है, इस घटना से दोनों परिवारीजनों में मातम छाया है। बुधवार को दोनों शव मृतकों के घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया, दोनों परिवारों में इस घटना से दीपावली का त्यौहार फीका पड़ गया वही परिवार जनो का रो-रोकर बुरा हाल है।


प्रियांशु।


अभय प्रताप सिंह।

### नशेबाजी के कारण हो रहे हादसे

डामर- कुरारा के बीच एक ढाबे पर कस्बे के शौकीन युवक चिकन खाने के लिए आते- जाते रहते हैं। शाम ढलते ही युवाओं की यहां भीड़ लगने लगती है। डामर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुशवाहा ने बताया की ढाबे के पास देशी शराब ठेका होने से खाने पीने के शौकीन युवा देर रात तक घूमते रहते हैं। जिससे इस सड़क पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगी हैं। करीब 20 दिन पूर्व कस्बा का एक युवक ट्रक को ओवरटेक करते समय इसी ढाबे के पास हादसे का शिकार हो चुका है।

### एक युवक में मिले डेंगू के लक्षण, कानपुर में भर्ती

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के बसंत नगर निवासी एक युवक में डेंगू के लक्षण मिलने पर परिजनों ने उपचार के लिए कानपुर में भर्ती कराया है। कस्बे में पानी टंकी के बांकी मार्ग निवासी अमित कुमार मिश्रा 30 वर्ष को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। डॉक्टर की सलाह पर उन्होंने एक निजी पैथोलॉजी में जांच कराई। जिसमें डेंगू के लक्षणों की पुष्टि हुई है। परिजनों ने उसे उपचार के लिए कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नदी किनारे युवक का शव मिला

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना सिसोलर के किसवाही गांव में बुधवार की सुबह 6:30 बजे एक युवक का शव नदी के किनारे पड़ा देखा गया। संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को ग्रामीणों ने उसकी अधिक शराब पीने से मौत की आशंका जताई। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर में पूरा गांव नदी किनारे एकत्र हो गया। महिलाओं और परिजनों का रोना पीटना शुरू हो गया। घटना की सूचना थाना सिसोलर में दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

किसवाही ग्राम प्रधान उसका परिवारिक चाचा अशोक सिंह ने बताया कि किसवाही गांव निवासी घमंडी उर्फ सूरज ध्वज (30) शराब पीने का आदी था। वह स्वयं पीता था और साथियों को भी पिलाता था। पिता महावीर सिंह पहले ही मर चुका था। बताते हैं कि सीरज दो भाई थे। वह विधवा माता शांति के साथ रहता था।बड़ा भाई कल्याण सिंह अलग रहता है। उसके पास 40, 50 बीघा जमीन थी, जो दोनों भाइयों और माता जी के नाम बराबर बराबर बंटवारे में दे दी गई थी। सीरज ध्वज को शराब का नशा पूरा करने के लिए पैसा नहीं मिलता था, तो उसने जमीन को बेचना शुरू किया। इसके लिए वह हंगामा भी करता था। उसने अपनी निजी जमीन छह बीघे से अधिक बेच डाली। प्रधान ने बताया कि कल शाम 6:30 बजे के आसपास वह गांव में दिखाई दिया है। माता शांति बताती हैं, कि बेटा रात में घर नहीं आया। वह परेशान रही। आज सुबह शौच क्रिया के लिए गांव वाले जब नदी किनारे गए, तो गांव के निकट ही बह रही चंद्रावल नदी के किनारे वह पड़ा हुआ था। लोगों ने समझा के शराब पीकर अक्सर पड़ा रहता था, हो सकता है। वह आज भी नशे की पड़ा हो। इसकी सूचना उनके चाचा और परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो वह मृत था। मां व परिजनों में का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### लेनदेन के विवाद में दिव्यांग को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक ने एक दिव्यांग को जमकर पीटा। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। औंता गांव निवासी दिव्यांग दशाराम पुत्र मोहनलाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने घर के पास स्थित परचून की दुकान पर बैठा हुआ था। बताया कि तभी गांव का एक युवक शराब के नशे में धुत होकर उसके पास आया और रुपयों के लेनदेन को लेकर उसके साथ विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी।



















## एक नजर

### युवक ने जहर खा दी जान

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के इटरा गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ गटक लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इटरा गांव निवासी योगेन्द्र कुमार (26) पुत्र रामप्रसाद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिस समय उसने जहर खाया, उस समय परिवार के सभी लोग धान काटने गए थे। जब परिवारीजन धान काटकर घर लौटे तो योगेन्द्र बेहोशी हालत में पड़ा था। उसे परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

### ट्रेन से गिरे युवक की मौत

**फतेहपुर।** खागा व कटोघन स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ परिजनों को सूचना दी। प्रयागराज जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के भागीपुर निवासी मोहम्मद महफूज का 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद महताब कानपुर गया था। वह ट्रेन से वापस लौट रहा था। जब ट्रेन खागा व कटोघन रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची, तभी वह अचानक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की सूचना पर परिवारीजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। चाचा मुस्तफा ने बताया कि मो. महताब पीसीसी कराने कानपुर गया था। वापस लौटते समय हादसा हुआ है।

### ट्रेन में सफर पर जूझे यात्री

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** दीपावली पर्व के मद्देनजर यात्री ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को कुछ ऐसा ही नजारा कस्बे के रेलवे स्टेशन में दिखाई दिया। ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे में बैठने के लिए लोग जद्दोजहद कर रहे थे। ऐसा ही नजारा कस्बे के बस स्टैंड में था। बसें खचाखच भरी हुई आ रही थीं। दीपावली, भैया दूज, छठ पर्व के मद्देनजर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ रही है। बुधवार को दोपहर में कानपुर सेंट्रल से कर्वी होकर प्रयागराज जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में ऐसा ही नजारा दिखाई दिया। प्रयागराज जा रहे राम अवतार, मानिकपुर जा रहे श्यामलाल, अतर्रा जा रहे घनश्याम साहू, चित्रकूट जा रहे हैं आर्यन यादव व रोहित कुमार आदि ने बताया कि सभी ट्रेनें खचाखच भरी आ रही है।

गोवा से नेपाल जा रही थी बस, कई थानों का फोर्स और कई एंबुलेंस पहुंची

# ट्रैक्टर को बचाने में पलट गई टूरिस्ट बस, 6 घायल

संवाददाता, फतेहपुर


बस पलटने के बाद बैठे यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोवा से नेपाल जा रही एक टूरिस्ट बस बुधवार की सुबह बांदा-टांडा मार्ग पर राधानगर थाना क्षेत्र के शाह बाईपास के समीप ट्रैक्टर को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई। कई थानों का फोर्स और कई एंबुलेंस भी पहुंच गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। आधा दर्जन लोग मामूली चुटहिल हुए हैं।

मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी बस चालक एवं मालिक अर्जुन बरेता गोवा से यात्रियों को लेकर नेपाल के रूपादी बार्डर जा रहा था। बस बुधवार सुबह राधनगर थाना क्षेत्र के शाह बाईपास के समीप पहुंची, तभी एक ट्रैक्टर को बचाने में बस अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आस-पास मौजूद लोग दौड़े और सीढ़ी लगाकर साइड की खिड़की से सवारियों को बाहर निकाला। कुछ लोग सामने के टूटे शीशे से बाहर निकले।

मौके पर पहुंचे एक टैक्सी ड्राइवर कल्लू दीक्षित ने डायल 112 में सूचना दी। इसके बाद कई थानों का फोर्स व एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। कुछ लोग प्राइवेट अस्पताल चले गए। बस में बच्चों सहित 50 लोग सवार थे। ये सभी लोग प्राइवेट बस बुक कर गोवा घूमने के बाद नेपाल जा रहे थे।

सीओ सिटी व परिवहन विभाग के अधिकारी भी पहुंचे। हादसे में ननकू यादव, मानकुमारी, सैन्या सहित आधा दर्जन लोग मामूली रूप से चोटहिल हुए हैं।

#### टल गया बड़ा हादसा

- शाह बाईपास पर जिस स्थान पर बस पलटी, उसके ऊपर से 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजरी है। अगर बस लाइन में छू जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बस पलटने के बाद दो फीट पहले पेड़ में टकराने के बाद रुक गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

#### महिला का पर्स हुआ गायब

- बस में सवार महिला यात्री सुरेंद्री देवी का पर्स बस पलटने के बाद गायब हो गया। काफी देर तक खोजने के बाद भी महिला का पर्स नहीं मिला। पर्स गायब होने से महिला परेशान रही। बस में न ही अग्निशमन सिलेंडर लगा था और न ही उसमें फस्टएड किट थी। लगेज की वजह से हाइट भी ज्यादा थी।

## 24 घंटे अलर्ट रहेंगी एम्बुलेंस

**राठ (हमीरपुर)।** सीएचसी में बुधवार को 108 और 102 एंबुलेंस के जिला प्रभारी ने सभी ईएमटी और पायलटों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिले में 108 सेवा की सभी एम्बुलेंस 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगी। कोई भी व्यक्ति 108 नम्बर पर कॉल करके एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकता है। एम्बुलेंस सेवा प्रोग्राम मैनेजर ओम प्रकाश मिश्रा और जिला प्रभारी कपिल वार्ष्णेय ने बताया कि दिवाली पर मरीजों को तुरंत एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सभी एंबुलेंस में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस व प्रशासन के सहयोग से एंबुलेंस को ऐसी लोकेशन पर रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोगों को जल्दी सुविधा दी जा सके। जिला प्रभारी कपिल वार्ष्णेय ने बताया कि दीपावली पर पटाखों से या दीयों से जलने की दुर्घटनाएं होने का खतरा रहता है। दीवापली पर ढीले कपड़े पहनने से बचें।

## सार-संक्षेप

### मंदाकिनी स्नान के साथ मौन व्रत रखेंगे आस्थावान


कामतानाथ जाने के लिए खड़े मौनियां। अमृत विचार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** अमावस्या पर मंदाकिनी नदी में स्नान के उपरांत कामतानाथ में दीपदान के बाद वापस आकर मौनियां अपने गांव में मौन व्रत रखकर मौन चराने की परंपरा का निर्वहन करेंगे। मिहुना गांव निवासी सोनू प्रजापति, रोहित प्रजापति, मोहित प्रजापति, विवेक वर्मा, प्रमोद कुमार, सुमित, रोहित अर्पित यादव आदि ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से भगवान श्रीकृष्ण की इस कठिन परंपरा का निर्वहन करके उनकी भक्ति में मगन है। बुधवार को चित्रकूट धाम जाते समय रेलवे स्टेशन के बाहर मिले इन मौनियों ने बताया कि वह प्रतिवर्ष अपने मोर पंखों को स्नान कराने मंदाकिनी नदी जाते हैं। अमावस्या को स्नान के बाद वह भगवान कामतानाथ के दर्शन पूजन दीपदान के बाद परिक्रमा पूर्ण करके गांव आते हैं और प्रतिपदा के सुबह गौ पूजन के साथ मौन व्रत रखकर अपनी परंपरा का निर्वहन करते हैं।


वृद्ध महिलाओं को मिष्ठान वितरित करते जिलाधिकारी।

### वृद्ध आश्रम में फल एवं मिष्ठान का वितरण किया

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शहर के यमुना पुल निकट स्थित वृद्धाश्रम में दीपावली पर्व पर 104 वृद्धजनों को मिठाई व फल बांटे। उनसे त्यौहार की खुशियां साझा की। उन्होंने वृद्धजनों को सहायक उपकरणों में 10 छड़ी, चार व्हील चेयर, चार ईयर मशीन दीं। कहा वृद्धजनों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच की जाए। समय-समय पर चिकित्सा शिविर लगते रहें। कहा प्रशासन का पूरा सहयोग है। उनका जीवन अच्छी तरह से गुजरे यही ईश्वर से कामना है। उन्होंने कहा कि किसी भी वृद्धजन को स्वास्थ्य संबंधी तथा कोई अन्य दिक्कत न होने पाए। संचालन जलीस खान ने किया। एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव व सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों के बीच बांटी त्योहार की खुशियां


जरूरतमंदों को त्योहार सामग्री देते रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ .अनुराग।

**फतेहपुर।** घर-घर हो खुशहाली, हर कोई मनाए दिवाली। इसी भाव के साथ डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन की ओर से बुधवार को यूथ आइकॉन एवं इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने अजगवां आकूपुर के जरूरतमंदों को लाई, गट्टा, पट्टी, मिठाई, मोमबत्तियां बांटकर त्योहार की खुशियां बांटीं। सभी ने डॉ .अनुराग ने इस नेक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उनके साथ दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजक चैतन्य कुमार भी उपस्थित रहे।

## बंदियों के भोजन की जांची व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


जिला कारागार से निकलते जिलाधिकारी घनश्याम मीना व एसपी डॉ .दीक्षा शर्मा।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों की स्थिति और जेल के प्रशासनिक कार्यों का आकलन के साथ व्यवस्थाओं को देखा।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उनके उपकरण और सुरक्षा उपायों की जांच की। इसके साथ ही कैदियों की संख्या, उनकी स्वास्थ्य स्थिति, रहने की व्यवस्था और उनकी शिकायतों को सुना। उन्होंने जेल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों की उपलब्धता और सफाई व्यवस्था की जांच की। साथ ही कैदियों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की। इसके अलावा जेल के प्रशासनिक कार्यों, रिकॉर्ड कीपिंग और कैदियों के अधिकारों के संरक्षण की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कैदियों के लिएशिक्षा, कौशल विकास, पुनर्वास कार्यक्रमों की रूप रेखा की जांच करते हुए सभी व्यवस्थाओं को देखा।

## किराने की दुकान में गांव के ही दो लोगों ने लगाई आग

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली गांव के तिराहे पर रखी किराना की दुकान में गांव के दो शरारतियों ने आग लगा दी। जिससे दुकान जलकर खाक हो गई। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

क्षेत्र के छिबौली गांव निवासी विवेक कुमार पुत्र इंद्रपाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गांव के तिराहे पर किराना की दुकान रखे हुए है। इसी दुकान से अपने परिवार का भरण पोषण करता था। प्रतिदिन की तरह मंगलवार रात लगभग नौ बजे बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। पीड़ित का आरोप है की रात्रि लगभग ग्यारह बजे गांव के दो शरारतियों ने दुकान में आग लगा दी।

वहां मौजूद लोगों ने इन लोगों को आग लगाते हुए देख लिया। जिससे दोनों लोग भाग खड़े हुए। लोगों की सूचना पर वहां पहुंचे तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। जिससे पूरी दुकान जलकर खाक हो गई। इस आगजनी में लगभग बीस हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित का यह भी आरोप है कि लगभग चार महीने पहले भी रात में दुकान में आग लगा दी थी। पहले किसी ने देखा नहीं था।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

## गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की निंदा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**अमृत विचार।** गाजियाबाद में कोर्ट नंबर 100 प्रथम तल पुरानी बिल्डिंग में हुए विवाद के बाद जिला जज द्वारा पुलिस को बुलाकर कोर्ट रूम में ही अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कराने को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला जज गाजियाबाद का अधिवक्ताओं के विरुद्ध किया गया कृत्य बहुत ही निंदनीय एवं आपत्तिजनक है। जिसकी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इसकी घोर निंदा करती है। साथ ही यह मांग की जाती है कि पूरी घटना की उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश द्वारा जांच कराई जाए। जांच विचाराधीन रहते हुए जिला जज गाजियाबाद को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया जाए। जिला जज कोर्ट रूम में व जजी परिसर व जजी परिसर के बाहर निर्दोष अधिवक्ताओं पर बर्बर लाठीचार्ज कराने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंडित किया जाए। घायल अधिवक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से कम से कम दो लाख रुपये मुआवजा प्रदान करते हुए निःशुल्क शासकीय व्यय पर इलाज कराया जाए।

## दशानन का आज होगा रामलीला मैदान में दहन

सूरज साहू, राठ(हमीरपुर)


रावण के पुतले को अंतिम रूप देता पेंटर।

**अमृत विचार।** रामलीला कमेटी द्वारा रावण दहन की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया। गुरुवार की शाम रामलीला मैदान में राम- रावण युद्ध के बाद रावण के पुतले का दहन होगा। रामलीला मैदान में लोहे की सरियों से बने पुतले को सजाने संवारने का काम शुरू हो गया।

कस्बे का ऐतिहासिक रामलीला मेला बुंदेलखंड में अलग स्थान रखता है। इस मेले को देखने के लिए दूर- दूर से लोग आते हैं और खरीदारी करते हैं। इस मेले का संचालक करीब नौ दशकों से किया जा रहा है। कार्तिक मास की पूर्णिमा से शुरू होने वाला यह ऐतिहासिक रामलीला मेला देवोत्थान एकादशी के दिन समाप्त हो जायेगा। बता दें कि रावण का दहन दशहरे में न होकर दीपावली को किया जाता है। रामलीला कमेटी के संरक्षक कन्हैया लाल खेबरिया ने बताया कि करीब 90 साल से दीपावली के दिन रावण वध की परंपरा चली आ रही है। दीपावली के दिन रावण का वध होगा। इसके लिए रामलीला कमेटी ने तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी। रविवार को होने वाले रावण दहन को लेकर शनिवार को लोहे के बने रावण में कारीगर कागज चिपका कर उसे रावण का रूप देने में जुटे रहे। इसके बाद रावण के अंदर पटाखे आदि भरे गये। राम रावण युद्ध के दौरान रावण के पुतले का दहन होगा। इसके बाद ही कस्बे में दीपावली का त्योहार मनेगा।

राहत | 15 नवंबर तक बिना रुकावट होगी बिजली की आपूर्ति, बकाये में कनेक्शन भी नहीं कटेगा

# अब इटावा में लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, इटावा


जानकारी देते एसई मनोज कुमार और एक्सईएन हनुमान प्रसाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिजली विभाग जिले में भी जल्द ही स्मार्ट मीटर लगाएगा। बिजली घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के साथ ही इसकी शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही त्योहारी सीजन में 15 नवंबर तक शासन के निर्देशों के तहत निर्वाध बिजली सप्लाई की जाएगी। त्योहार पर किसी का कनेक्शन भी नहीं काटा जाएगा।

यह जानकारी बिजली विभाग के एसई मनोज कुमार व एक्सईएन हनुमान प्रसाद मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर 24 घंटे बिजली दी जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। त्योहार पर पूरी बिजली मिलेगी। विभाग एलर्ट पर है। कोई रुटीन का शट डाउन नहीं होगा । यदि कहीं कोई फाल्ट होता है तो तत्काल फाल्ट की मरम्मत करके बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। इस त्योहारी सीजन में चेकिंग तथा कनेक्शन काटने का अभियान भी रोक दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इटावा में भी जल्द ही बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत कर दी गई है। इसके लिए सबसे पहले बिजली घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं।

अब ट्रासंफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लागए जाएंगे। उसके बाद सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। इसके साथ ही सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के आधार पर उपभोक्ताओं के आवास पर भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी साफ किया कि स्मार्ट मीटर तेज गति से नहीं भागते हैं। चेकिंग अभियान की वीडियोग्राफी कराई जाती है। पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। बातचीत के दौरान उप खंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री भी मौजूद रहे।



# दीपावली आज, तीर्थक्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त

## पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने देखीं तैयारियां


मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** दीपावली का पर्व आज है। इसका मेला तीर्थक्षेत्र लगभग पांच दिन चलता है। प्रशासन मेले में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था को लेकर सजग है। बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। दोनों अधिकारियों ने रामघाट, निर्मोही अखाड़ा में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। जिलधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए समुचित पार्किंग व्यवस्था की जाए। उन्होंने रामघाट पर जल प्रबंधन, घाटों की सफाई को देखा। साथ ही कहा कि श्रद्धालुओं को स्नान कर पूजा अर्चना करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोनो अधिकारियों ने निर्मोही अखाड़ा के बगल में बने नाले की सफाई तथा बैरीकेडिंग एवं वाहन स्टैंडों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए ।

# लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने बांधा समां

**सीतापुर (चित्रकूट)।** दीपावली मेले के अवसर पर राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मंगलवार रात लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने अपने गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने हरि अनंत हरि कथा अनंता एवं मंगल भवन मंगल हारी भजनों से भक्तिरस की गंगा बहाई। रागिनी श्रीवास्तव व उनकी टीम ने रामायण के प्रसंगों का मंचन व अन्य कलाकारों ने बुंदेलखंड लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, जिलाधिकारी की धर्मपत्नी डा. तनुसा टीआर, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओअमृतपाल कौर, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष चित्रकूट पंकज अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, रामायण मेला प्रबंधक प्रशांत करवरिया, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सुनील द्विवेदी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे आदि मौजूद रहे।


प्रस्तुति देतीं पद्मश्री मालिनी अवस्थी।

# मालगाड़ी की टक्कर से आरक्षी की मौत

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मेला ड्यूटी में आए एक जीआरपी कांस्टेबिल की मालगाड़ी से टकराने से मौत हो गई। परिजन पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गृह जनपद ले गए।

मूल रूप से एटा जिले के गांव विल्सड़ निवासी विकास चंद्र पांडेय (47) पुत्र स्व. रामकिशोर पांडेय की वर्तमान में बनारस कैंट जीआरपी में आरक्षी के रूप में तैनाती थी। दीपावली मेले के दौरान उनकी ड्यूटी चित्रकूट में लगी थी। मंगलवार रात वह रेलवे स्टेशन के पास ड्यूटी कर रहे थे। बताया जाता है कि रात लगभग 11 बजे सतना से बांदा की ओर जा रही मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। सहकर्मी गंभीर हालत में उनको जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जब इसकी सूचना उनके परिजनों को मिली तो उनका हाल बेहाल हो गया। उनके तीन बेटे हैं। पोस्टमार्टम के बाद परिजन उनका शव गृह जनपद ले गए।


आरक्षी विकास।

पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर एसपी अरुण कुमार सिंह, एसपी जीआरपी विपुल कुमार श्रीवास्तव, सीओ यामीन अहमद, फहद अली, आरआई शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह ने सलामी दी।

# वैज्ञानिकों से मिले होनहार आर्यन

कार्यालय ,चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले के एक होनहार को श्री हरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में भ्रमण का अवसर मिला। उसने नेशनल स्पेस डे पर आयोजित क्विज में भाग लिया था और पहले सौ प्रतिभागियों में स्थान पाया था।

कर्वी तहसील के अमानपुर निवासी और डीएवी इंटर कालेज बांदा में प्रवक्ता अंजनी कुमार श्रीवास्तव और गृहिणी सविता श्रीवास्तव के पुत्र आर्यन ने नेशनल स्पेस डे पर राष्ट्रीय स्तर पर आनलाइन हो रही क्विज में 17 अगस्त 24 को माई जीओवी एफ के माध्यम से भाग लिया था। आर्यन ने बताया कि इसमें लगभग साढ़े तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया था। इसमें उसे प्रथम सौ बच्चों में स्थान मिला। इस पर उसे 23 अक्टूबर को इसरो के अन्य प्रतिभागियों के साथ श्री हरिकोटा स्थित अनुसंधान केंद्र का भ्रमण करने का अवसर प्रदान किया गया। इस दौरान उन लोगों ने वहां ग्रुप डायरेक्टर मैनेजमेंट पी गोपीकृष्ण और अन्य वैज्ञानिकों से बातचीत की और केंद्र की गतिविधियों की जानकारी की। सभी को प्रमाणपत्र भी दिए गए। बेटे की सफलता से खुश पिता अंजनी ने बताया कि प्रतिभागी के साथ एक अभिभावक को भी जाने का मौका मिला था। आर्यन ने कोटा से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है और फिलहाल वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय पिता को दिया है।


श्री हरिकोटा में प्रतिभागी बच्चों और वैज्ञानिकों के साथ आर्यन। अमृत विचार

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध मंक युवती ने रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रुपेश सिंह पटेल ने उसे शादी का झांसा दिया और दुराचार किया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई दिनेश कुमार पांडेय, मुख्य आरक्षी आशाराम, पीआरडी जवान राधेश्याम शामिल रहे।

### एंटी रोमियो टीमों ने किया महिलाओं को जागरूक

**चित्रकूट।** थाना मारकुंडी एवं महिला थाने की एंटी रोमियो टीमों ने बुधवार को सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को जागरूक किया। टीमों ने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बताया कि सभी थानों में हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां महिला पुलिसकर्मी शिकायत सुनती है और समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

### विधायक ने पीड़िता को दिया न्याय का आश्वासन

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पीड़िता के घर जाकर उसका हालचाल जाना। विधायक ने उसे और परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि 24 घंटे के अंदर सही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए।

### मंदिरों में हनुमान जी की पूजा के साथ अखंड पाठ

**राजापुर (चित्रकूट)।** दीपावली की पूर्व संध्या पर हनुमान मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने रामचरितमानस अखंड पाठ के साथ पूजा अर्चना की। नरक चतुर्दशी एवं हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में अखंड पाठ प्रारंभ किए गए। नरक चतुर्दशी के संबंध में मान्यता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध किया था और मोक्ष प्रदान किया था। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि आज के दिन जो श्रद्धालु संकटमोचन केसरी नंदन की पूजा करते हैं, उनकी मनोकामना पूरी होती है। इस मौके पर नगर पंचायत प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप

### दीप प्रज्ज्वलित कर ली जल धरोहरों को बचाने की शपथ

**चित्रकूट।** छोटी दीपावली के अवसर पर बुधवार को समाजसेवियों ने गोल तालाब के पास इकट्ठा होकर जल धरोहरों को बचाने की शपथ ली। दीप प्रज्ज्वलन कर तय किया गया कि वे लोगों को इसके लिए जागरूक करेंगे और शासन प्रशासन तक इस आकांक्षी जिले की जल धरोहरों को बचाने की गुहार लगाएंगे। समाजसेवी जलप्रहरियों ने कहा कि सुंदर घाट की झील के पास पर जल महल के अस्तित्व को बचाने के लिए सबको आगे आना होगा। इस मौके पर गोल तालाब पर सभी ने दीप प्रज्ज्वलित किए। सभी ने संकल्प लिया कि जब तक चित्रकूट की इनको पुनर्जीवित नहीं कर लें, चुप नहीं बैठेंगे। जलप्रहरी समाज और सरकार को जगाते रहेंगे। इस मौके पर मणिशंकर वर्मा, गुरु प्रसाद, डा. सुरेश प्रसाद त्रिपाठी, राम मनोहर वर्मा, बलवीर सिंह, डा. मनोज द्विवेदी, अख्तर फराज, शंकर दयाल, डा. जेपी नामदेव, डा. रामभजन, अभिमन्यु भाई, रमाशंकर मिश्र एवं बच्चा निषाद उर्फ सुनील आदि रहे।


पत्रकार हरी नारायण पांडेय को सम्मानित करते खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह।

### स्कूल मार्गों की समस्या को उठाने पर पत्रकार सम्मानित

**चित्रकूट।** शिक्षा संबंधी समाचारों पर पैनी निगाह रखने वाले रामनगर ब्लाक के पियरियामाफी निवासी हरी नारायण पांडेय को बीईओ एनपी सिंह और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी ने सम्मानित किया। उनको यह सम्मान ब्लाकस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदान किया गया। उनको इस मौके पर भगवान रामलला की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। ब्लाक अध्यक्ष ने हरीनारायण की इसलिए भी सराहना की कि उन्होंने परिषदीय विद्यालयों जाने वाली सड़कों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित कराकर प्रशासन तक पहुंचाया। पत्रकार समाज कल्याण समिति जिलाध्यक्ष रामचंद तिवारी, गणेश शुक्ला, महेश द्विवेदी, हरवंश द्विवेदी ने भी वरिष्ठ पत्रकार हरी नारायण पांडेय को बधाई दी।


कवि सम्मेलन में मौजूद कवि और अतिथि।

### दीप जलाएं हम सब ऐसे बचे कहीं न अंधियारा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** गायत्री शक्तिपीठ में तुलसी साहित्य अकादमी चित्रकूट एवं एक यूट्यूब चैनल के सौजन्य से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डा. रामलाल द्विवेदी प्राणेश की पुस्तक प्राणेश काव्यांजलि का विमोचन भी हुआ। डा. करुणा शंकर द्विवेदी ने अपने विचार रखे। डा. प्राणेश ने स्व. डा. देशराज पांडेय एवं स्व. योगेंद्र दत्त द्विवेदी को पुस्तक का प्रेरक बताया। इसके बाद हुए कवि सम्मेलन में कैमूर के डा. अनिल अकेला ने अब बुद्ध कह रहे युद्ध करो। दुश्मन की छाती के खून से अपने मन को शुद्ध करो। कृष्ण गोपाल खुशदिल ने दीप जलाएं हम सब ऐसे,बचे कहीं ना अंधियारा। दीपों की उज्ज्वलता से, रोशन हो यह देश हमारा सुनाकर वाहवाही लूटी। शुजालपुर के हास्य कवि मनोहर मसखरा की पंक्तियां रहीं, जो देश का रखेगा मान जिंदा रहेगा, देशद्रोही कोई न बाशिंदा रहेगा। उदयभान त्रिपाठी की पंक्तियां, श्रीकृष्ण की लीला अनोखी, प्रेम के भगवान हैं। जेपी कुशवाहा की, बहुत कीमती तन अभी से संभल जा, किस डगर को पकड़ कर, किधर जा रहे हैं।



# दीपावली आज, शुभ मुहूर्त में जलेंगे दीप

संवाददाता कार्यालय, महोबा



छोटी दिवाली पर आतिशबाजी का नजारा। अमृत विचार

● जिले में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाई गई छोटी दिवाली

**अमृत विचार।** रोशनी का पर्व दीपावली गुरुवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शुभ मुहूर्त में लोग माता लक्ष्मी और गणेश की पूजा-अर्चना करेंगे। इससे पूर्व बुधवार को छोटी दीपावली का पर्व मनाया गया। लोगों ने घरों की साफ-सफाई कर कूड़ा करकट बाहर फेंका। दीपावली का पर्व धनतेरस से शुरू होकर छोटी दिवाली, बड़ी दिवाली से लेकर भाईदूज तक मनाया जाता है। दिवाली से ठीक एक दिन पहले छोटी दिवाली को नरक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है, इस दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। नरक चतुर्दशी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इसे रूप चतुर्दशी, नरक चौदस, काली चौदस एवं छोटी दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन विधि से प्रभु विष्णु की पूजा अर्चना करने पर सौंदर्य की प्राप्ति होती है।

### दीपावली पर्व पर आज भी मिट्टी के दीपक का चलन

**महोबा।** दीपावली त्योहार पर आज भी मिट्टी से दीयों का चलन बदस्तूर जारी है। आधुनिक युग में भले ही लोग चाइनीज व देशी झालर व अन्य बिजली की आकर्षक लाइटों से घरों को जगमाते हों, लेकिन मिट्टी के दीप का अपना अलग क्रेज बना हुआ है। लोग घरों पर चाहे जितनी झालरें लगा लें, लेकिन मिट्टी के दीए जरुर जलाते हैं। लोग बिजली की दुकानों से आकर्षक झालरें लाकर घरों को सजाने के लिए खरीदते हैं, लेकिन इसके बाद भी लोग मिट्टी के दीये खरीदकर घरों और दरवाजों पर जलाने की वर्षों पुरानी परम्परा निभाते चले आ रहे हैं। शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीयों को अधिक महत्व दिया जाता है।

# छोटी दीपावली पर गुलजार रहा बाजार

**उरई।** धनतेरस पर बाजार में इस बार जमकर धनवर्षा हुई। बीते पांच सालों का रिकार्ड टूट गया। रात एक बजे तक बाजार गुलजार रहे। छोटी दीपावली पर भी इस बार बाजार में खरीददारों की भीड़ उमड़ी। हर दुकान पर खरीदार नजर आए। कोई पूजन सामग्री खरीद रहा था तो कोई घर की सजावट का सामान। वहीं ईको-फ्रेंडली लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा की लोगों के बीच खूब मांग रही।



बाजार में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

बता दें कि बुधवार को छोटी दीपावली पर बाजार बिल्कुल धनतेरस की तरह ही गुलजार नजर आया। हालांकि भीड़ कुछ कम थी, लेकिन जो बाजार गया वह कुछ न कुछ सामान खरीद कर ही लाया। सबसे अधिक मांग दीपावली पर पूजन के लिए लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा की रही। जिसे जो मूर्ति पसंद आ रही थी वह लेकर जा रहा था। दूसरी तरफ पूजन की सामग्री से लेकर दीपोत्सव के लिए मिट्टी के दिए से लेकर मोमबत्ती के खरीदारों की जबरदस्त भीड़ बाजार में देखने को मिली। वहीं इस बार दीपावली पर्व पर एक नई बात देखने को मिली। रेडीमेड फूल तो हर बार खूब बिकते थे लेकिन इस बार लोगों ने घर हराभरा नजर आए इसके लिए गमले में लेकिन आधुनिक पेड़ भी खरीदे।

## 2 माह पूर्व गायब हुए छात्र की रिपोर्ट दर्ज

**कालपी।** दो महीने पहले स्कूल में पढ़ने गए कक्षा 12 के छात्र के घर वापिस न लौटने पर पीड़ित पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की विवेचना करने में जुट गई हैं।

जगराम पाल, निवासी ग्राम लमसर ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी का पुत्र राजकुमार पाल निकटवर्ती ग्राम काशीखेड़ा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 में पढ़ता था, रोज की तरह वह विद्यालय गया हुआ था लेकिन 30 अगस्त को सुबह 11 बजे पढ़ने विद्यालय गया। शाम तक जब वह वापिस घर नहीं पहुंचा तो स्कूल जाकर पता लगाया, तो शिक्षकों ने बताया कि वह स्कूल से छुट्टी मांगकर डाकखाना कालपी से पैसे निकालने की बात कहकर चला गया था। उन्होंने बताया कि राजकुमार पाल के पास बैंक की पासबुक भी थी। परिजनों ने कई जगह उसका पता लगाया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

## सार-संक्षेप

### दबंगों ने किसान को पीटकर घायल किया

**कुलपहाड़ महोबा।** खेत में सरकारी ट्यूबवेल से सिंचाई को लेकर आधा दर्जन दबंगों ने किसान पर लाठी डंडो से प्रहार कर लहूलुहान कर घायल कर दिया। परिजनों द्वारा घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित द्वारा कुलपहाड़ कोतवाली में सभी दबंगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम भटेवरा निवासी मनोज ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि अपने खेत के पास लगे सरकारी ट्यूबवेल से फसल की सिंचाई कर रहा था, तभी गांव का एक दबंग आया और सिंचाई न करने की बात कहने लगा और जब उसकी बात को नजरांदाज की तो वह गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो उसने अपने साथियों को बुलाकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** थाना खरेला अंतर्गत ग्राम चंदौली में एक अधेड़ ने सड़क किनारे लगे पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पेड़ पर शव लटका देख ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया और मृतक के परिजनों के साथ-साथ पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारकर उसका पंचनामा कर जांच शुरू की। थाना खरेला क्षेत्र के ग्राम चंदौली निवासी 40 वर्षीय हलकुट्टा पुत्र बाबूराम अहिरवार मंगलवार की रात्रि करीब दस बजे अपने परिवार से गांव की दुकान में सामग्री खरीदने की बात कहकर गया हुआ था। मृतक के भाई कल्लू अहिरवार द्वारा घटना की सूचना थाना खरेला में दी गई। थानाध्यक्ष खरेला सतवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि उनके द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सरदार पटेल की जयंती मनाई

**महोबा।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर पाठशाला खंदिया चरखारी में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने लौह पुरुष के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलाने का बच्चों से आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित और नमन कर किया गया। इस मौके पर पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष 31 अक्टूबर एकता दिवस पर हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार दीपावली होने की वजह से एक दिन पूर्व सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर रामदयाल रैकवार, अमित कुशवाहा कार्तिक सहित तमाम छात्र छात्राएं मौजूद रही।

### बुंदेली गीतों का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण आज

**महोबा।** भारतीय संस्कृति एवं बुंदेली संस्कृति पर शोध परक बुंदेली लोक गीतों का 31 अक्टूबर को छतरपुर आकशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। उक्त जानकारी राजकीय वीरभूमि स्नाकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्रवक्ता डा. एलसी अनुरागी ने दी। उन्होंने बताया कि बुंदेली गीत मोरो जिया पिया बेहाल, कजरियां महोबे की देखन जाने व झूला छलो है आम की डार झूल रही मछला आदि गीतों का प्रसारण होगा।

### बांट माप विभाग ने दुकानों पर की छापामारी

**महोबा।** दीपावली पर्व के मद्देनजर दुकानदारों द्वारा सामान लेने के लिए आए ग्राहकों के साथ घटतौली न की जा सके इसके लिए बांट माप विभाग टीम ने जिले के कस्बों और शहर की मिठाई, किराना व अन्य दुकानों में छापामारी अभियान चलाते हुए तराजू और बांट की माप को देखा। कुछ दुकानों में नापतौल की कमी पाई गई उन्हें नोटिस जारी किए गए। टीम द्वारा दुकान पर रखे खाद्यान्न सामग्री की गुणवत्ता को भी परखा गया। गौरतलब है कि त्योहारों के मौके पर दुकानदार द्वारा ग्राहकों के साथ घटतौली किए जाने के प्रकरण ज्यादातर उजागर होते हैं, जिसके चलते कानपुर जोन के डीसी विपिन बिहारी, उपनियत्रक ब्रजमोहन मिश्रा के नेतृत्व में शहर के अलावा चरखारी, श्रीनगर, कबरई में संचालित किराना और मिठाई आदि दुकानों में छापामारी अभियान चलाते हुए रखे सरसो का तेल, शक्कर, सूजी, बेसन की गुणवत्ता को चेक किया साथ ही मिठाई की दुकान पर पहुंचकर वहां रखे खोवा व दूध व उनसे निर्मित मिठाईयों को भी देखा। बांट माप अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पांच दुकानदारों को गुणवत्ता सही न पाए जाने पर नोटिस सौंपा गया साथ ही मिठाई के साथ डिब्बे की तोल न किए जाने की दुकानदारों को हिदायत दी गई है और ऐसा करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### गौशाला में हरे चारे की उपलब्धता रखें

**कालपी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने कई गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में हरा चारा तथा पानी की उपलब्धता करने के निर्देश दिए। कदौरा विकास खंड के ग्राम चतेला स्थित गौशाला पहुंचीं। जहां उन्होंने गौशाला में भूसे तथा चोकर का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद 191 गौवंशो को अभिलेख से मिलान किया। पीने के पानी की समस्या को दुरस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके पहले नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने गुरु का इटौरा, मटरा, कदौरा आदि गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। गौवंशो के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुन: निरीक्षण किया जाएगा।

# पति की सांसें थमीं, सदमे से पत्नी की भी चली गई जान

## कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथ गांव की घटना

संवाददाता जालौन



सुमित और रीता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक दिन पूर्व पति की हादसे में हुई मौत का वियोग पत्नी बर्दाश्त नहीं कर सकी। जैसे ही पति का शव घर आया वैसे ही पत्नी ने भी सदमे में दम तोड़ दिया। एक घर से दो अर्थी निकलने से घर तथा गांव में मातम पसरा गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथ में धनतेरस की रात में सुमित कुमार पुत्र कलका प्रसाद दोहेरे उम्र 27 वर्ष अपने साथी के साथ बाइक से भेंड गए थे लौटते समय उनको ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मंगलवार की शाम 6 से 7 बजे के बीच अंतिम संस्कार किया गया था सभी लोग अंतिम संस्कार करके घर लौटे ही थे, तभी उसकी पत्नी रीता 25 वर्ष कि अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसे आनन फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर उसने भी, अपने पति के वियोग में दम तोड़ दिया। एक घर से दो-दो अर्थी निकलने से गांव के लोग दंग रह गए, सुमित के पिता कालका प्रसाद तथा मां कमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। दीपावली के समय यह घटना घटने से पूरे गांव में शोक की लहर तथा घर में मातम पसरा हुआ है।

### करंट लगने से किशोर की मौत

**महोबा।** खेत पर नहाने के लिए ट्यूबवेल को चालू करते एक किशोर करंट की चपेट में आ गया। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने किशोर का डाक्टरी परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला शेखूनगर निवासी रामबाबू प्रजापति का भटीपुरा मौजा पर खेत स्थित है, जिस पर इस साल मूंगफली की खेती की गई और परिजनों द्वारा मूंगफली फसल की सिंचाई का काम किया जा रहा है। बुधवार को रामबाबू प्रजापति का बड़ा पुत्र राहुल उर्फ ज्ञान (16) घर से बिना बताए खेत पर नहाने के लिए पहुंच गया और जैसे ही नहाने के लिए स्टार्टर के बटन को चालू किया तो उसे करंट ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। किशोर को जिला अस्पताल में ले गए। डाक्टरों की टीम ने उसका डाक्टरी परीक्षण किया और राहुल को मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत हो जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में मजदूर ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की।

शहर के मुहल्ला रामनगर निवासी शिवमंगल अहिरवार 45 वर्ष एक मजदूर था और वह गल्ला मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। वह आए दिन पत्नी से शराब के लिए पैसे मांगता था और पैसे न देने पर मारपीट भी करने लगता था। इस घरेलू कलह के कारण पत्नी परेशान थी और वह भी मंडी में मजदूरी का काम करती थी। बुधवार की सुबह शिवमंगल ने पत्नी से शराब के लिए रुपये मांगे और रुपये न होने पर उसने मना कर दिया। इसके बाद वह ससुर बैजनाथ के साथ मंडी में काम करने लगी, घर में 14 वर्षीय पुत्र निखिल था। शिवमंगल ने कमरे में लगे हुक से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुत्र कमरे के अंदर गया, तो उसने पिता को फांसी के फंदे पर लटका देख चिल्लाने लगा। सूचना मुहल्ले के लोगों ने पत्नी व पिता को दी। घटना की खबर मिलते ही पत्नी व पिता भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि जांच कर रहे हैं।

**आवश्यकता**

**आर एस महाविद्यालय बागी कदौरा, जालौन**

**प्राचार्य एवं निम्न विषयों के शिक्षकों की आवश्यकता**

योग्यता नेट पीएचडी अनुभव यूजीसी के मानक अनुसार

**विषय–** भौतिक विज्ञान, गणित, जंतु विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, समाज शास्त्र, हिंदी

**प्रबंधक**

**श्रीमती सरोज सिंह**

मो0नं0–7985821965, 9935828568

## बेटे ने मां और भाई को पीटा

**महोबा।** ग्राम बरेंडा बुजुर्ग में पारिवारिक विवाद के चलते छोटे भाई ने अपने बडे. भाई और मां को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल मां बेटे को पुलिस द्वारा सीएचसी ले जाया गया, जहां से दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

थाना महोबकंठ के ग्राम बरेंडा बुजुर्ग निवासी बेनी (72) पत्नी तुलसीदास ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह और उसका बड़ा पुत्र छन्नू (48) खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे तभी उसका छोटा पुत्र आया और बड़े भाई से अभद्रता करते हुए झगड़ने लगा और बड़े भाई पर लाठी डंडों से प्रहार करना शुरू कर दिया। बताया कि मां द्वारा इसका विरोध किया गया तो छोटे पुत्र ने मां की भी मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों द्वारा बीच बचाव कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां से दोनो को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। महोबकंठ थाना प्रभारी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।



निरीक्षण करतीं एसडीएम ज्योति सिंह। अमृत विचार

## नियम से करें खाद का वितरण

● एसडीएम ने सरकारी खाद बिक्री केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कोंच।** एसडीएम ज्योति सिंह ने बुधवार को सरकारी खाद बिक्री केंद्रों का जायजा लिया और केंद्र संचालकों को नियम से किसानों को खाद वितरित करने के निर्देश दिए। इधर, सरकारी बीज भंडार पर भी जाकर उन्होंने मुफ्त बीज किटें किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश गोदाम प्रभारी को दिए। गोदाम प्रभारी गोविंद नारायण ने बताया, एक सैकड़ा किसानों को मुफ्त मसूर के बीज की किटें बांटी गई हैं।

सरकारी और सहकारी केंद्रों पर इस समय खाद बिक्री का काम चल रहा है। इससे पहले खाद की जबर्दस्त किल्लत देखने को मिली जिसके चलते केंद्रों पर उपलब्ध खाद का सही से वितरण कराने के लिए बुधवार को एसडीएम ज्योति सिंह ने नगर में संचालित कई केंद्रों का जायजा लिया और खाद की उपलब्धता जांची। उन्होंने केंद्र संचालकों को कड़े निर्देश दिए कि जैसे जैसे खाद उपलब्ध होती जाए बैसे बैसे किसानों को खाद बांटी जाए। इधर, एसडीएम को इस तरह की भी सूचना मिली कि बीज भंडार पर किसानों को दिया जाने वाला मुफ्त बीज नहीं दिया जा रहा है। इस सूचना पर बीज भंडार पहुंचीं एसडीएम ने मौजूद किसानों को पंक्तिबद्ध लगवा कर मुफ्त मसूर बीज की किटें बंटवाईं। गोदाम प्रभारी गोविंद नारायण ने बताया कि सौ किसानों को मुफ्त मसूर की आठ किलो की किटें बांटी गई हैं।

**जनपद वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं**

प्रदेश में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे एवं घटित होने वाली प्रत्येक मृत्यु का पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है। यह आप और हमारे संयुक्त प्रयास से सम्भव है। शत–प्रतिशत पंजीकरण भावी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अन्य योजनाओं को बनाने का मुख्य आधार है। आगे आयें और पंजीकरण में सहयोग करें।

1. जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है।
2. जन्म / मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर नि:शुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
3. जन्म / मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) से करायें।
4. जन्म का पंजीकरण बच्चे का अधिकार है।

*" जीवन और पहचान दो, मेरे ये अधिकार दो,*
*शिक्षा नौकरी और अधिकार, जन्म प्रमाण पत्र सबका आधार,*
*शिशु के जन्म पर मंगल गाओ, जन्म पंजीकरण तुरन्त कराओ। "*

**-जन्म अथवा मृत्यु की सूचना किसे दें?**

01. ग्रामीण क्षेत्र (रजिस्ट्रार)– प्रत्येक ग्राम पंचायत में होने वाले जन्म मृत्यु के पंजीयन के लिये ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत एवं उसके अधीन आने वाले समस्त राजस्व ग्रामों के लिये)।

1. शहरी क्षेत्र (रजिस्ट्रार) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदों / नगर पंचायतों के भीतर होने वाले जन्म / मृत्यु के पंजीयन के लिये।

**- रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया:-**

(अ) जन्म अथवा मृत्यु के 21 दिनों के अंदर सूचना देने पर सूचनादाता द्वारा सूचना उपलब्ध करायें जाने पर रजिस्ट्रार उपकेन्द्र स्तर पर ए0एन0एम0 ग्राम पंचायत स्तर ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी द्वारा रजिस्ट्रीकरण के तत्काल बाद नि:शुल्क जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

(ब) 21 दिन के पश्चात परन्तु 30 दिनों के अन्दर सूचना देने पर सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू0 2.00 (रूपया दो मात्र) विलम्ब शुल्क लेकर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

(स) 31 दिन से 1 वर्ष के अंदर सूचना देने पर सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू0 5.00 (रूपया पांच मात्र) विलम्ब शुल्क तथा नोटरी (हलफनामा) के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (शहरी क्षेत्र के लिये) तथा जिला पंचायत राज अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र के लिये) की अनुमति से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

(द) 1 वर्ष के बाद सूचना देने पर सम्बन्धित रजिस्ट्रार द्वारा रू0 10.00 (रूपया दस मात्र) विलम्ब शुल्क तथा उप जिलाधिकारी (एस0 डी0एम0) के लिखित आदेश पर जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जायेगा।

**(डा0 एन0डी0 शर्मा)**
अपर जिला रजिस्ट्रार
(जन्म–मृत्यु)/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जालौन

**(राजेश कुमार पाण्डेय)** आई0ए0एस0
जिला रजिस्ट्रार
(जन्म–मृत्यु) / जिलाधिकारी
जालौन

निर्देश | पुलिस अधीक्षक ने पटाखा की दुकानों का किया स्थलीय निरीक्षण

# पटाखा दुकानों में आग बुझाने का संयंत्र रखें

संवाददाता, कालपी



पटाखा की दुकानों का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दीपावली को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा पटाखा मार्केट का स्थलीय निरीक्षण कर दुकानदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसडीएम, सीओ और कोतवाल भी साथ में थे।

कालपी में 2 आतिशबाजी तथा पांच पटाखे की दुकानों के लाइसेंस धारक है। शासन के निर्देश के अनुसार आतिशबाजी तथा पटाखे की दुकानें शहरी तथा व्यवसायिक क्षेत्र से दूर स्थापित कराई जाती है। इस बार मुहल्ला आलमपुर ठक्कर बापा इंटर कालेज में आतिशबाजी की दुकाने स्थापित हुई है। इसी को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार, उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ आदि अधिकारियों की टीम के द्वारा आतिशबाजी मार्केट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहारों के अवसर पर बाजारों में भीड़भाड़ बहुत अधिक रहती है। धनतेरस का त्योहार कुशलतापूर्वक तथा शांतिपूर्वक निपट गया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दिवाली के अवसर पर बाजारों में लगने वाली भीड़भाड़ के मद्देनजर महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि भीड़-भाड़ में छोटे-मोटे अपराध हो जाते हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा पूरी तरीके से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये है। एसपी ने दुकानदारों को निर्देश दिये हैं कि अपनी अपनी आतिशबाजी की दुकानों में आग बुझाने के संयंत्र के अलावा बालू, पानी की व्यवस्था की जाए तथा अग्निशमन विभाग के नियमों का पूर्णता पालन कराया जाए। नियमों की अनदेखी करने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पटाखा बाजार के परिसर में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया गया तथा दमकल वाहन की मौजूदगी रहगी।

## बंदियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली

**उरई।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अचल सचदेव ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में पूछतांछ कर बैरकों का मुआयना किया।

बैरक में निरुद्ध बंदी को जेल मैनुअल के बारे में, कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में स्थित महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, जेल अधीक्षक प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उपकारापाल अरविंद सिंहा, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153

Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in

For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes January 2025 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**

**Last Date of Receiving Application : 30th November, 2024**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India

For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2325-2425 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6600 -6700 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15000-15100 अरहरस्पेशल 11200-11300 चनादाल 8400-8500 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7200-7250 मसूरदाल 7400-7450 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11800 मूंगफलीदानाषिवपुरी 8800- 11800 बटाली 8200 -10500 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14200-14300 अलसी 12500-12600 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 2040-2042 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2300-2350 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1990-1984 मयूर 1990-1984 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700-3800 मंगलौरलडडू 4500-4600 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4120-4150 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 55900-56000

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 101000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 81750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 61000-61200 |

# भारत की सोने की मांग 18 प्रतिशत बढ़कर 248.3 टन हुई : डब्ल्यूजीसी

## आयात शुल्क में कमी के परिणामस्वरूप आभूषण की मांग में हुआ सुधार

मुंबई, एजेंसी

- विश्व स्वर्ण परिषद ने पेश की तीसरी तिमाही 2024 स्वर्ण मांग प्रवृत्ति रिपोर्ट



भारत की सोने की मांग इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 248.3 टन रही। सोने के आयात शुल्क में कमी के परिणामस्वरूप आभूषण की मांग में सुधार हुआ है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बुधवार को तीसरी तिमाही 2024 स्वर्ण मांग प्रवृत्ति रिपोर्ट पेश की। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में सोने की कुल मांग 210.2 टन थी।

रिपोर्ट अनुसार, सोने की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं, इसलिए निवेशकों में कीमतों में गिरावट का इंतजार करने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। पूरे साल सोने की मांग 700-750 टन के दायरे में रहने की संभावना है, जो पिछले साल से थोड़ी कम है। धनतेरस और शादियों के मद्देनजर सोने की कुल मांग बढ़ने की संभावना भी है। भारत की सोने की मांग 2023 में 761 टन रही थी। आभूषण विक्रेताओं तथा खुदरा विक्रेताओं की ओर से धनतेरस की भारी मांग के बीच मंगलवार को सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 81,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो अब तक का रिकॉर्ड उच्च स्तर है।

### सोने का आयात 21.78% बढ़कर 27 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। सोना आयात मजबूत घरेलू मांग से चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 21.78% बढ़कर 27 अरब डॉलर हो गया है। सोना आयात देश के चालू खाता घाटे (कैड) पर असर डालता है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में सोना आयात 22.25 अरब डॉलर का था। विशेषज्ञ ने कहा कि मौजूदा त्योहारी मांग आयात वृद्धि में मदद कर रही है। 2023-24 में भारत का सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर रहा था। भारत के लिए स्विट्जरलैंड सोने का सबसे बड़ा निर्यातक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है।

# गोल्ड : निवेश करने की प्रभावी रणनीतियां, विश्लेषण

गोल्ड फंड्स एक प्रकार के म्यूचुअल फंड हैं जो मुख्य रूप से सोने में निवेश करते हैं। ये फंड निवेशकों को सोने की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से लाभ उठाने का अवसर देते हैं, बिना सोने को फिजिकली खरीदने और रखने की परेशानी के। गोल्ड में निवेश करने से आपको विविधीकरण, लिक्विडिटी और मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा जैसे लाभ मिलते हैं। वहीं, ये पेशेवर प्रबंधकों द्वारा संचालित होते हैं, जो निवेश के निर्णयों में विशेषज्ञता रखते हैं। सोने की कीमतों में अस्थिरता, प्रबंधक के निर्णयों का जोखिम और लंबी अवधि में लाभ की अपेक्षा जैसी चुनौतियाँ भी हैं। इस प्रकार, गोल्ड उन निवेशकों के लिए आदर्श विकल्प हो सकते हैं जो सुरक्षित और स्थिर निवेश की तलाश में हैं। आइए समझते हैं इसके विभिन्न पहलुओं को...



### गोल्ड फंड्स के प्रकार

- **सोनारिज्ड गोल्ड :** ये फंड सोने की खानों के शेयरों में निवेश करते हैं या सोने की कीमत के साथ जुड़े अन्य वित्तीय उपकरणों में।
- **फिजिकल गोल्ड :** ये फंड सोने के बुरादे या अन्य फिजिकल रूपों में निवेश करते हैं, लेकिन इनका भंडारण व सुरक्षा की जिम्मेदारी फंड प्रबंधन कंपनी पर होती है।

### निवेश के जोखिम

- **मूल्य में उतार-चढ़ाव :** सोने की कीमतें अस्थिर हो सकती हैं और कई कारक जैसे वैश्विक आर्थिक स्थिति, भू-राजनीतिक तनाव आदि प्रभावित कर सकते हैं।
- **प्रबंधक :** फंड के प्रदर्शन का बड़ा हिस्सा प्रबंधक के निर्णयों पर निर्भर करता है। यदि प्रबंधक गलत निर्णय लेते हैं, तो यह निवेश को प्रभावित कर सकता है।
- **लंबी अवधि की अपेक्षा :** गोल्ड से अपेक्षित लाभ लंबी अवधि में ही मिलते हैं। यदि आप अल्पकालिक लाभ की तलाश में हैं, तो ये उपयुक्त नहीं हो सकते।
- **बाजार जोखिम :** आर्थिक मंदी या राजनीतिक अस्थिरता के समय सोने की कीमतों में भी गिरावट आ सकती है, जो कि निवेश को प्रभावित कर सकता है।

### निवेश के लाभ

- **विविधीकरण :** गोल्ड पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हैं। जब शेयर बाजार में गिरावट होती है, तो सोने की कीमतें अक्सर स्थिर रहती हैं या बढ़ जाती हैं, जिससे आपके निवेश को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।
- **लिक्विडिटी :** गोल्ड फंड्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है। यह निवेशकों को त्वरित नकदी की आवश्यकता होने पर लाभ पहुंचाता है, जबकि फिजिकल गोल्ड बेचना अधिक कठिन हो सकता है।
- **कम लागत :** गोल्ड फंड्स में निवेश करने पर आपको भंडारण और सुरक्षा की लागत नहीं उठानी पड़ती, जो कि फिजिकल गोल्ड के मामले में होती है। यह लागत को काफी कम करता है।
- **प्रबंधित निवेश :** गोल्ड फंड्स पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा प्रबंधित होते हैं, जो बाजार के रुझानों को समझते हैं और निवेश को बेहतर तरीके से प्रबंधित करते हैं। यह निवेशकों के लिए एक बड़ी सुविधा है।
- **मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा :** सोना एक पारंपरिक बचत साधन है जो मुद्रास्फीति के समय में भी अपनी मूल्यवृद्धि करता है। इसका अर्थ है कि अगर मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे आपकी संपत्ति सुरक्षित रहती है।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सितंबर माह में सुस्त पड़कर दो प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी



- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र में नकारात्मक वृद्धि की गई दर्ज

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सितंबर महीने में सुस्त पड़कर 2% पर आ गई है। एक साल पहले समान महीने में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 9.5% बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर में प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सालाना आधार पर भले ही कम हो गई, लेकिन अगस्त की तुलना में सितंबर में बुनियादी उद्योगों का प्रदर्शन सुधरा है।

अगस्त 2024 में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में सालाना आधार पर 1.6% की गिरावट आई थी। आठ प्रमुख क्षेत्रों में कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र ने सितंबर के महीने में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। बुनियादी क्षेत्र के प्रमुख उद्योगों की वृद्धि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल 4.2% रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.2% थी।

# केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित वर्ष के लक्ष्य के 29.4% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- लेखा महानियंत्रक की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 29.4% रहा है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा वास्तविक संदर्भ में सितंबर के अंत में 4,74,520 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 39.3% रहा था। केंद्रीय बजट में सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9% तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6% रहा था। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को 16,13,312 करोड़ पर सीमित रखने का है।

# एनएसई के ग्राहक खाते हुए 20 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को कहा कि डिजिटल बदलाव और प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण से एक्सचेंज में पंजीकृत कुल ग्राहक खातों की संख्या 20 करोड़ के पार हो गई है। इसमें आज तक के ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं। एनएसई ने कहा कि ये आठ महीने पहले 16.9 करोड़ थी।

एनएसई के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा कि यह वृद्धि भारत की विकास गाथा में निवेशकों के मजबूत भरोसे को दर्शाती है। मोबाइल ट्रेडिंग ऐप को व्यापक रूप से अपनाए जाने और निवेशकों की बढ़ती जागरूकता, सरकार की डिजिटल पहल के समर्थन ने बाजार तक पहुंच को प्रभावी रूप से लोकतांत्रिक बनाया है। इससे विशेष रूप से दूसरी, तीसरी और चौथी श्रेणी के शहरों के निवेशकों को लाभ हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह विस्तार सुव्यवस्थित केवाईसी (अपने ग्राहक को जानों) प्रक्रियाओं, उन्नत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों और निरंतर सकारात्मक बाजार धारणा द्वारा समर्थित है, जो इक्विटी, ईटीएफ, रीट, इनविट्स और विभिन्न बांड सहित विविध निवेश साधनों में मजबूत भागीदारी से दिखता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सास की हत्या करने की दोषी महिला को उम्रकैद

**कोल्लम (केरल)।** केरल की अदालत ने 45 वर्षीय महिला को दिसंबर 2019 में अपनी सास की हत्या का दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता सिसिन जी मुंदकल ने बताया कि कोल्लम के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) पीएन विनोद ने मृतका के छोटे बेटे की पत्नी गिरिता कुमारी को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जब सास को गिरिता के पड़ोसी के साथ अवैध संबंधों के बारे में पता चला तो उसने उसे काफी डांटा जिसके कारण गिरिता ने इस वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर 2019 को अपराह्न में जब सास अपने कमरे में सो रही थी तभी गिरिता ने उसके सिर और चेहरे पर पत्थर से वार किया।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुतकेल गांव में नक्सलियों ने दिनेश पुजारी (35) की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। हथियारबंद नक्सलियों का दल पुतकेल गांव पहुंचा और धारदार हथियार से दिनेश की हत्या कर वहां से फरार हो गया।

### सेवानिवृत्त दारोगा चला रहा था सेक्स रैकेट, गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण के जिला मुख्यालय मोतिहारी से सेक्स रैकेट चला रहा दरोगा को दो महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार दरोगा सत्येंद्र नारायण शर्मा सेवानिवृत्ति से पूर्व पूर्वी चंपारण के नगर थाना मोतिहारी, पताही और डुमरियाघाट थानों में पदस्थापित रह चुका है। जिस नगर थाना मोतिहारी में पदस्थापित रहकर कभी विधि-व्यवस्था संचालन किया करते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उसी थाना क्षेत्र में ही देह व्यापार का केंद्र स्थापित कर लिया।

### नोएडा: बैंक्वेट हॉल में लगी आग, इलेक्ट्रिशियन की मौत

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार तड़के बैंक्वेट हॉल में आग लगने से एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना तड़के साढ़े तीन बजे सेक्टर-113 पुलिस थाना क्षेत्र के सर्फाबाद गांव के निकट की है जब अचानक लोटस ग्रेनेडियोर बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लग गई। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद तीन बजकर 40 मिनट पर दमकल विभाग के कर्मचारी पांच गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन आग की विकराल लपटों को देखते हुए 10 और गाड़ियां मंगवानी पड़ी। हॉल में फंसे कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# भारतीय युवा नवाचार और प्रौद्योगिकी में सर्वश्रेष्ठ: मोदी

## गिटहब के सीईओ की टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



- सीईओ ने कहा था- प्रौद्योगिकी में भारत के उदय को रोकना मुश्किल
- कहा- जनरेटिव एआई में अमेरिका के बाद भारतीय दूसरा योगदानकर्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय युवा नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हैं। प्रधानमंत्री ने यह बात टिप्पणी माइक्रोसॉफ्ट के डेवलपर प्लेटफॉर्म गिटहब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थॉमस डोह्मके की उस टिप्पणी के जवाब में कही जिसमें उन्होंने कहा था कि वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज के रूप में भारत के उदय को रोकना मुश्किल है।

डोह्मके ने एक्स पर कहा कि बेशक, मुझे भारत के लिए कुछ प्यार दिखाना होगा। अब भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती डेवलपर आबादी है और वैश्विक टेक टाइटन के रूप में भारत के उदय को रोकना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारत के डेवलपर्स एक लंबी छलांग लगा रहे हैं क्योंकि वे एआई बनाने के लिए एआई (कृत्रिम मेधा) का लगातार उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उत्पादक एआई परियोजनाओं में योगदानकर्ताओं की संख्या के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। इससे इस बात की अधिक संभावना है कि अगली बड़ी एआई बहुराष्ट्रीय कंपनी इस महाद्वीप से निकलेगी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने कहा कि जब नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी की बात आती है तो भारतीय युवा सर्वश्रेष्ठ हैं। डोह्मके ने कहा कि उनके मंच पर जनरेटिव एआई परियोजनाओं में अमेरिका के बाद भारतीय दूसरे सबसे बड़े योगदानकर्ता हैं।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा, आठ स्टेशन में रेड जोन

- यातायात पुलिस ने प्रदूषण को लेकर वाहन चालकों पर अब तक लगाया 47 करोड़ जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दिवाली से एक दिन पहले बुधवार को वायु प्रदूषण बढ़ गया और आठ निगरानी स्टेशनों के अनुसार, वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही। दिल्ली में सुबह नौ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 278 दर्ज किया गया, जो मंगलवार को 268 था। वहीं यातायात पुलिस ने प्रदूषण को लेकर वाहन चालकों पर 47 करोड़ का जुर्माना लगाया है।

दिल्ली एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा, हालांकि कई दिनों तक बहुत खराब वायु गुणवत्ता के बाद अनुकूल हवा के कारण अन्य दिनों की तुलना में मंगलवार से इसमें मामूली सुधार हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार आनंद विहार, अशोक विहार, आया नगर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, विवेक विहार और वजीरपुर कुल आठ केंद्रों में सुबह वायु गुणवत्ता बहुत खराब रही। वहीं, यातायात पुलिस ने प्रदूषण प्रमाणपत्र के उल्लंघन के लिए मोटर वाहन चालकों पर कुल 47 करोड़ का जुर्माना लगाया। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यातायात पुलिस ने 47 हजार से अधिक चालान काटे। वैध प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र नहीं होने पर वाहन चालकों पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है।

# जमानत आदेश के छह माह बाद कोर्ट नहीं लगा सकतीं बांड की शर्तें

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने कहा- अदालत मामले में गुण दोष से संतुष्ट है तो उसे या तो जमानत देनी चाहिए या याचिका खारिज कर देनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतें जमानत आदेश के छह महीने बाद आरोपी पर जमानत बांड प्रस्तुत करने की शर्त नहीं लगा सकतीं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि अदालत मामले के गुण-दोष से संतुष्ट है तो या जमानत दे या फिर याचिका खारिज कर देनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर विचार किया था, जिसने पटना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद संशोधन अधिनियम के तहत उसके खिलाफ दर्ज मामले में छह महीने बाद जमानत बांड प्रस्तुत करने का उसे निर्देश दिया गया था। निचली अदालत ने व्यक्ति को 10,000 रुपये के बांड और इतनी ही राशि की दो जमानतें प्रस्तुत करने पर रिहा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह पिछले कुछ दिनों में हाईकोर्ट द्वारा पारित कुछ आदेशों में से एक है, जिसमें मामले का गुण-दोष के आधार पर निर्णय किए बिना उच्च न्यायालय ने वर्तमान याचिकाकर्ता को इस शर्त पर जमानत दे दी है कि याचिकाकर्ता-आरोपी आदेश पारित होने के छह महीने बाद जमानत बांड प्रस्तुत करेगा। इसने कहा कि इस बात का कोई कारण नहीं बताया गया कि जमानत देने के आदेश के क्रियान्वयन को छह महीने के लिए क्यों स्थगित किया गया।

पीठ ने कहा कि हमारी राय में किसी व्यक्ति/आरोपी को जमानत देने के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं लगाई जा सकती। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश को रद कर दिया और तथा गुण-दोष के आधार पर नए सिरे से निर्णय करने के लिए इसे 11 नवंबर को संबंधित अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किया।

# चिकित्सा आधार पर अभिनेता दर्शन को मिली अंतरिम जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी

**रेणुकास्वामी हत्याकांड**



- अभिनेता ने रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन कराने के लिए दाखिल की थी याचिका

रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी एवं अभिनेता दर्शन थूगुदीपा को राहत देते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने उन्हें रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन कराने के लिए चिकित्सा आधार पर बुधवार को अंतरिम जमानत दे दी। दर्शन को 11 जून को गिरफ्तार किया गया था और वह अभी बल्लारी जेल में हैं। मामले में उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा और 15 अन्य सह-आरोपी भी हैं। पवित्रा गौड़ा बेंगलुरु की जेल में हैं और अन्य आरोपी राज्य की कई जेलों में हैं जिनमें से कुछ को जमानत मिली है। न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने दर्शन को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है।

### अभिभावक से स्कूल के बाहर की गई मारपीट

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-56 स्थित उत्तराखंड पब्लिक स्कूल के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बच्चे को स्कूल छोड़ने आए अभिभावक से मारपीट की और उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया। सेक्टर-58 पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बुधवार को बताया कि कुलदीप चौहान ने दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया कि वह बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे तो बाहर शिक्षक धरना दे रहे थे तथा उनके साथ कुछ अभिभावक भी थे। जब उन्होंने शिक्षकों से बात करने की कोशिश की तो कुछ अभिभावक उग्र हो गए और मारपीट करने लगे।

# देश कठिन आर्थिक स्थिति से गुजर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



- तीन दशकों से भारत की विकास गाथा उपभोग में वृद्धि की कहानी थी : कांग्रेस महासचिव जयराम

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि देश में वेतन में स्थिरता, असमानता और महंगाई से मंदी की स्थिति है तथा भारत कई वर्षों में अपने सबसे अनिश्चित और कठिन आर्थिक हालात से गुजर रहा है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि तीन दशकों से भारत की विकास गाथा उपभोग में वृद्धि की कहानी थी। करोड़ों परिवारों के गरीबी से निकलकर मध्यम वर्ग में प्रवेश करने की कहानी, जो नए उत्पाद खरीदने और संपत्ति बनाने में सक्षम थे। यह संपन्न अर्थव्यवस्था का संकेत था, जो तेज़ी से बढ़ रही थी ।

उन्होंने दावा किया कि 10 वर्षों में देश में उपभोग की कहानी अब उल्टा घूम गई है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। रमेश ने कहा कि भारत का कारोबारी समुदाय भी अब इसी सुर में सुर मिला रहा है, एक प्रमुख सीईओ ने यहां तक कह दिया है कि भारत में मध्यम वर्ग सिकुड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण जैसे सरकार के आंकड़ों सहित डेटा के कई स्रोतों से इस बात के स्पष्ट प्रमाण मिलते हैं कि 10 साल पहले की तुलना में श्रमिकों की क्रय शक्ति घट गई है।

# माहिम सीट पर राज ठाकरे के बेटे के समर्थन पर अडिग भाजपा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भाजपा अब भी माहिम सीट पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का समर्थन करना चाहती है। फडणवीस ने कहा कि इसका समाधान ढूंढने के प्रयास किए जाएंगे। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी अपने ज्यादातर बागियों को नामांकन वापस लेने के लिए मनाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले राज्य चुनाव में कुछ सीट पर दोस्ताना मुकाबला होगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने माहिम से मौजूदा विधायक सदा सरवणकर को मैदान में उतारा है, जबकि महेश सावंत इस सीट से शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार हैं। राज ठाकरे की मनसे, महायुति का हिस्सा नहीं है, जिसमें भाजपा, शिवसेना व अजित पवार की राकांपा है।

# ओडिशा पुलिस ने 3 राज्यों से 24 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने संदिग्धों से 16.85 लाख जब्त कर पीड़ित को 6.80 लाख रुपये लौटाए

**कटक।** ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा ने एक कॉर्पोरेट कर्मचारी से 6.28 करोड़ की ठगी में तीन राज्यों से 24 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विनयतोष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने संदिग्धों के बैंक खातों से 16.85 लाख जब्तकर पीड़ित को 6.80 लाख रुपये लौटाए। शिकायत अनुसार, धोखाधड़ी को बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया और उच्च रिटर्न के वादे के साथ बड़ी रकम का निवेश करने का लालच दिया गया। पुलिस ने शिकायत के बाद अंतर्राज्यीय धोखाधड़ी गिरोह की जांच के लिए सात दलों का गठन किया गया था।

# खानाबदोश समूहों में झड़प, पांच की मौत

**राउरकेला।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में खानाबदोशों के दो समूहों में हुए झड़प में तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना सदर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत करमाडीही गांव में संदिग्ध रूप से विवाहेतर संबंध के चलते हुई। पुलिस ने बताया कि प्रतिद्वंद्वी समूह ने पांच लोगों की हत्या कर दी। पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बृजेश रे ने इसकी पुष्टि की है।

# टिकट न मिलने से नाराज पालघर से शिवसेना विधायक लापता

**पालघर (महाराष्ट्र)।** विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं देने से नाराज पालघर से शिवसेना के मौजूदा विधायक श्रीनिवास वनगा लापता हैं। उनके परिजनों ने यह जानकारी दी, हालांकि अभी तक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार सुबह बताया कि अभी कोई जानकारी नहीं है कि वनगा कहां हैं। वह सोमवार शाम से ही संपर्क में नहीं हैं। उनके परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। उन्होंने वनगा की मानसिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। शिवसेना द्वारा टिकट न देने से नाराज वनगा ने सोमवार को पत्रकारों से कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री शिंदे का साथ देकर तथा उनकी पार्टी में शामिल होकर बड़ी गलती की है।

**एडीएम आत्महत्या मामला**

# माकपा ने सरकार और पुलिस को सही बताया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के एडीएम नवीन बाबू की आत्महत्या के मामले में माकपा की नेतादिव्या की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के एक दिन बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने मामले सरकार का समर्थन किया। माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविंदन ने कहा कि मामले में राज्य सरकार और पुलिस के उठाए कदम उचित हैं और यह कोई नौटंकी नहीं है। विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने सरकार और पुलिस की कार्रवाई को नौटंकी बताया था।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दाखिल

बेंगलुरु, एजेंसी

- सामाजिक कार्यकर्ता अब्राहम को मुख्यमंत्री ने कहा था ब्लैकमेलर

अधिवक्ता-कार्यकर्ता टीजे अब्राहम ने बुधवार को कहा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ विशेष अदालत में मानहानि का मुकदमा दाखिल किया है, क्योंकि सिद्धारमैया ने उन्हें कथित तौर पर ब्लैकमेलर कहा था। अब्राहम उन शिकायतकर्ताओं में से हैं, जिन्होंने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े कथित घोटाले में मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच की अनुमति देने का आग्रह किया था। अब्राहम ने कहा कि सिद्धारमैया ने मुझसे बदला लेने के लिए कुछ सार्वजनिक बयान दिए। उन्होंने मुझे ब्लैकमेलर और बुरे अतीत वाला व्यक्ति कहा। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया फर्जी और अवैध दावा करके 14 भूखंड लिए हैं और मुझे ब्लैकमेलर कहते हैं।

# अल्काराज-सितसिपास तीसरे दौर में, रुबलेव हारे



पेरिस मास्टर्स

पेरिस, एजेंसी

कार्लोस अल्काराज ने अपनी सर्विस पर कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चिली के निकोलस जेरी को 7-5, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अल्काराज़ को जैरी के मजबूत फोरहैंड से कई बार परेशानी हुई। चिली के खिलाड़ी ने नौवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया। लेकिन जैरी ने अपने अगले सर्विस गेम में डबल फॉल्ट करके पहला सेट गंवा दिया।

अल्काराज ने मैच के बाद कहा यह थोड़ा मुश्किल था। पहला सेट जीतकर वास्तव में खुशी हुई। मुझे कोर्ट की गति से सामंजस्य बिठाना होगा। यह मेरे लिए वास्तव में तेज है। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज साल के अपने पांचवें खिताब की तलाश में हैं। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट या अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन से होगा। यूनान के दसवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने एलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराकर साल के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत बनाए रखा। एटीपी फाइनल में चोटी के आठ खिलाड़ी भाग लेते हैं।

नॉर्वे के तीन बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता और सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और ऑस्ट्रेलिया के गैरवरीय जॉर्डन थॉम्पसन से 7-6 (3), 3-6, 6-4 से हार गए। रूस के छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव ने दोनों सेट के टाईब्रेकर तक खिंचने से अपना आपा खो दिया और आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जिससे उनकी एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने उन्हें 7-6 (6), 7-6 (5) से हराया।

## बोपन्ना-एबडेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे


**पेरिस।** भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने एटीपी 1000 प्रतियोगिता में मंगलवार को एक घंटे 16 मिनट तक चले मैच में ब्राजील के मार्सेलो मेलो और और जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 से हराया। बोपन्ना और एबडेन ने अपनी पहली सर्विस में 91 प्रतिशत जीत हासिल की और मैच के दौरान चार ऐस लगाए। भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक लेते हुए शुरुआती सेट अपने नाम किया। बोपन्ना और एबडेन की मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी के पास दूसरे सेट के पांचवें गेम में सर्विस तोड़ने का मौका था।

## दूसरे दौर में पोपिरिन से हारे मेदवेदेव

**पेरिस।** एलेक्सेई पोपिरिन ने बुधवार को यहां पेरिस मास्टर्स के पुरुष एकल के दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में चौथे वरीय दानिल मेदवेदेव को हराकर उलटफेर किया। ऑस्ट्रेलिया के 25 साल के पोपिरिन ने रूस के खिलाड़ी के खिलाफ तीन सेट में 6-4, 2-6, 7-6 से जीत दर्ज की। मेदवेदेव ने पोपिरिन के खिलाफ पिछले तीन मुकाबले जीते थे। फ्रांस के वाइल्ड कार्ड धारक आर्थर रिंडर्कनेश ने भी एलेक्स मिकेलसन पर 7-6, 7-6 की जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया।

# बांग्लादेश के चार विकेट जल्दी झटककर दक्षिण अफ्रीका ने मैच पर कसा शिकंजा

चटगांव, एजेंसी



टोनी डीज़ॉर्जी (177), ट्रिस्टन स्टब्स (106) और वियान मुल्डर (105) रन के शतकीय प्रहार से दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 575 के विशाल स्कोर पर पारी घोषित करने बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश के 38 रन पर चार विकेट झटकर मैच पर अपना शिकंजा कस लिया है।

दिन के आखिरी सत्र में दक्षिण अफ्रीका के 575 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने अपना पहला विकेट पहले ही ओवर में 10 रन के स्कोर पर शादमान इस्लाम (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसे कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में रबाडा ने जाकिर हसन (दो) को पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में डेन पैटरसन ने महमुदुल हसन जॉय (10) को मारक्रम के हाथों कैच आउट करा दिया। सातवें ओवर में केशव महाराज ने हसन महमूद (तीन) को बोल्ड आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय बांग्लादेश ने चार विकेट पर 38 रन बना लिये है और मोमिनुल हक (नाबाद छह) और नजमुल शान्तो (नाबाद चार) रन बनाकर क्रीज पर थे। बांग्लादेश अभी भी दक्षिण अफ्रीका से पहली पारी के आधार पर 537 रन पीछे है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिए। डेन पैटरसन और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने मुख्य कोच का कार्यकाल बढ़ा

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का कार्यकाल 2027 तक बढ़ा दिया, जिसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप तक इस पद पर बने रहेंगे। मैकडोनाल्ड ने 2022 की शुरुआत में जस्टिन लैंगर की जगह यह पद संभाला था। उनके कोच रहते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में चैंपियन बनी। इसके अलावा उसने इंग्लैंड में एशेज भी बरकरार रखी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा एंड्रयू पुरुष टीम के उत्कृष्ट कोच साबित हुए हैं। उनके कोच रहते हुए टीम ने असाधारण सफलताएं हासिल की। उन्होंने मजबूत कोचिंग प्रणाली विकसित की और खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेहद अच्छा माहौल तैयार किया। हम उनके प्रदर्शन से खुश हैं।

### आईसीसी ने धर्मवर्धने को एसीयू का नियुक्त किया अध्यक्ष

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को श्रीलंका के सुमति धर्मवर्धने को अपनी भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) का नया स्वतंत्र अध्यक्ष नियुक्त किया। धर्मवर्धने को सर रोनी फ़्लानगन की जगह इस पद पर नियुक्त किया है। फ्लानगन 14 साल तक इस महत्वपूर्ण पद पर रहे। आईसीसी ने कहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज सुमति धर्मवर्धने की आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के नए स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की घोषणा की। धर्मवर्धने ने श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल विभाग में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कई कानूनी मुद्दों में सरकार और उसके खेल मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया है। धर्मवर्धने ने इंटरपोल तथा संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के साथ भी काम किया है। वह खेलों में भ्रष्टाचार के मामलों की जांच भी कर चुके हैं। वह एक नवंबर 2024 से अपना नया पद संभालेंगे।

### टीम की अगुआई को लेकर बेहद उत्साहित हूं : उथप्पा

**हांगकांग।** एक नवंबर से शुरु होने वाले हांगकांग सिक्सेस 2024 में भारतीय टीम की अगुआई करने जा रहे दाएं हाथ के बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि वह टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। उथप्पा ने कहा मैं हांगकांग सिक्सेस 2024 का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं और भारतीय टीम की अगुआई करना सम्मान की बात है। एक, दो और तीन नवंबर को आपको कुछ बेहतरीन क्रिकेट मैच देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम में केदार जाधव, मनोज तिवारी, स्टुअर्ट बिन्नी, श्रीवत्स गोस्वामी, भरत चिपली और शाहबाज नदीम जैसे खिलाड़ी शामिल है। टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। चिपली और गोस्वामी ने भी खेल के इस फटाफट प्रारूप में भारत के लिए खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त की। हांगकांग सिक्सेस 2024 में भारत के लिये खेलना एक शानदार एहसास है,इसमें कुछ रोमांचक मुकाबले और मनोरंजक प्रदर्शन देखने को मिलेगा। गोस्वामी ने कहा हांगकांग सिक्सेस खेल का एक विशिष्ट प्रारूप है और मैं भारत के लिये खेलने करने के लिए इंतजार

### विश्व कप में हारने के बाद आया संन्यास का विचार : वेड

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में टी-20 विश्व कप में उनकी टीम की भारत से हार के बाद पहली बार उनके मन में संन्यास लेने का विचार आया था। भारत ने सेंट लूसिया में खेले गए सुपर आठ के इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा की 41 गेंद पर 92 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। भारत ने इस मैच में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई और आखिर में वह चैंपियन बनने में सफल रहा। हाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेड ने क्रिकेट. कॉम.एयू से कहा भारत से हार के बाद शायद यह (संन्यास के बारे में विचार) मेरे मन में बैठ गया। तब मैंने सोचा कि यह मेरे क्रिकेट करियर का अंत है। वह वास्तव में भावनात्मक क्षण था। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आमतौर पर निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले वेड ने कहा कि विकेटकीपर के रूप में जोश इंगलिस

# आखिरी टेस्ट में दांव पर है साख

## भारतीय खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर की तैयारी, शृंखला पहले ही गवां चुका है भारत



मुंबई, एजेंसी

न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-2 से पिछड़कर घरेलू शृंखला गंवा चुकी भारतीय टीम ने स्टीक गेंदबाजी कर रहे मेहमान टीम के गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के प्रदर्शन सुधार के लिए जमकर पसीना बहाया क्योंकि यहां तीसरे टेस्ट में भी स्पिन की अनुकूल पिच होने की चर्चा है।

वानखेड़े स्टेडियम में नेट सत्र से पता चलता है कि शुक्रवार से शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट से पहले टीम प्रबंधन कितना तत्पर है क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी बल्लेबाज इस टेस्ट शृंखला में अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। नेट सत्र से पहले उन्होंने मैदानकर्मियों को चार अभ्यास नेट पर अतिरिक्त सफेद लाइन खींचने के लिए कहा। ऐसा आम तौर पर इसलिए किया जाता है जिससे कि बल्लेबाजों को गेंद की लाइन और लेंथ की जानकारी रहे। बेंगलुरू में पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने सटीक लाइन और उछाल लेती गेंदों के खिलाफ घुटने टेके जबकि पुणे में दूसरे मुकाबले में बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर ने दो पारियों में 13 विकेट चटकाए। पारंपरिक स्पिन के विपरीत भारतीय बल्लेबाजों के पास सेंटनर की गेंदों का कोई जवाब नहीं था जो एमसीए स्टेडियम की पिच पर एक ही स्थान पर गिर रहीं थी लेकिन कुछ टर्न कर रहीं थी जबकि कुछ सीधी निकल रहीं थी।

मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते हैं कि उनके बल्लेबाज अंतिम टेस्ट में बेहतर तैयारी के साथ उतरें। भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने अपने खिलाड़ियों की परेशानियों पर कहा कि स्पिनरों के हाथों पर करीबी नजर रखना महत्वपूर्ण है। नायर ने कहा आपको यह समझने की जरूरत है कि जब कुछ गेंद टर्न ले रही हों और तो कुछ गेंद सीधी जा रही हों तो यह आपके दिमाग से खेलती हैं। इस समय बल्लेबाज के लिए यह समझना बेहद महत्वपूर्ण होता है कि गेंद हाथ से कैसे छूट रही है, कौन सी गेंद सीधी जाएगी और कौन सी अधिक स्पिन होगी। बल्लेबाज इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए मानसिक रूप से भी सक्षम होना चाहिए। भारत ने 25 नेट गेंदबाज बुलाए जिसमें स्थानीय स्पिनर और तेज गेंदबाजों का अच्छा मिश्रण था। इन्होंने सीनियर खिलाड़ियों को लगभगत तीन घंटे तक अभ्यास कराया।

### टर्निंग विकेटों पर भारत का पलड़ा अब भी भारी हैः पटेल

**मुंबई।** भारत को भले ही पहले दो टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा लेकिन कीवी स्पिनर अजाज पटेल का मानना है कि टर्निंग विकेटों पर मेजबान टीम का पलड़ा अब भी भारी है। न्यूजीलैंड ने पहले दो टेस्ट मैच में भारत को खेल के हर विभाग में परास्त किया। विशेषकर स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर उसने भारत की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा और कयास लगाए जा रहे हैं कि यहां भी धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाने वाली पिच तैयार की जा रही है। पटेल को उम्मीद है कि उनकी टीम पिछले दो मैच की तरह सभी अच्छे कदम उठाएगी भले ही भारत उनसे बेहतर तरीके से स्पिनरों के लिए मददगार पिच से सामंजस्य बिठा सकता है। पटेल ने न्यूजीलैंड के अभ्यास सत्र के बाद कहा जब टर्निंग विकेट पर खेलने की बात आती है तो भारत का पलड़ा अब भी हमसे भारी है। भारतीय बल्लेबाज परंपरागत रूप से टर्न लेती पिच पर अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। बेशक उन्हें अभी तक इस शृंखला में वैसी सफलता नहीं मिली जैसे वह चाहते थे लेकिन निश्चित तौर पर वह एक ऐसा प्रतिद्वंदी है जिसके खिलाड़ी बेहद कौशल वाले हैं और उनसे पार पाना आसान नहीं है। उनके पास बेहद कुशल खिलाड़ी हैं और हमारे स्पिन गेंदबाजों के लिए चीजों पर नियंत्रण रखते हुए उन पर अधिक से अधिक समय तक दबाव बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमें खेलने के लिए जैसा भी विकेट मिले हम इस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



# भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला जीतना बेहद महत्वपूर्ण : कमिंस

सिडनी, एजेंसी

- किताब के विमोचन पर बोले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान, 22 से शुरू होगी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

पैट कमिंस अभी तक भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम पर दर्ज करने के लिए बेताब हैं।

कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीते थे। उनकी अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने एशेज भी अपने नाम की लेकिन वह कभी भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला में अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए हैं। कमिंस ने मंगलवार को अपनी किताब के विमोचन के अवसर पर कहा भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला में जीत महत्वपूर्ण चीज है जिसे मैं अपने नाम पर जोड़ना चाहता हूं।

# रोनाल्डो पेनल्टी से चूके, अल नासर बाहर

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी

सऊदी कप

क्रिस्टियानो रोनाल्डो दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मिली पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे अल नासर को अल तावौन से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा और उनकी टीम सऊदी अरब के घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट किंग्स कप से बाहर हो गई।

पांच बार के बैलोन डी'ओर विजेता रोनाल्डो ने लगभग दो साल पहले अल नासर के साथ अनुबंध किया था लेकिन वह अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। सऊदी अरब की प्रमुख नॉकआउट प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 16 चरण के मैच में अल तावौन ने 20 मिनट शेष रहते हुए वलीद अल अहमद के हेडर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त बना ली। अल अहमद की 95वें मिनट में की गई गलती से अल नासर हो पेनल्टी मिल गई। रोनाल्डो ने अल नासर की तरफ से इससे पहले जो 18 पेनल्टी ली थी उन सभी को उन्होंने गोल में बदला था लेकिन इस बार उनका शॉट बार से टकरा गया। उनकी यह चूक टीम को महंगी पड़ी।



## इंग्लिश लीग कपः क्वार्टरफाइनल में ब्रेंटफोर्ड और साउथेम्प्टन

**लंदन।** प्रीमियर लीग की टीमें ब्रेंटफोर्ड और साउथेम्प्टन ने दूसरी श्रेणी की टीमों को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्रेंटफोर्ड ने निर्धारित समय तक मैच 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद शेफील्ड वेडनसडे को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। पेनल्टी शूटआउट में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। गोलकीपर मार्क फ्लेककेन ने आखिरी स्पॉट किक पर लियाम पामर का शॉट रोककर अपनी टीम को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में जेम्स ब्री के 88वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की मदद से साउथेम्प्टन ने स्टोक को 3-2 से पराजित किया। साउथेम्प्टन में आखिरी स्थान पर चल रहा है लेकिन लीग कप में उसका प्रदर्शन संतोषजनक रहा है।

## बॉलीवुड हलचल



# फिल्म अल्फा में कैमियो करेंगे ऋतिक रोशन!

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन फिल्म अल्फा में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। यशराज बैनर तले बन रही स्पाई थ्रिलर अल्फा में आलिया भट्ट और शर्वरी अहम भूमिका में दिखेंगी। चर्चा है कि फिल्म अल्फा में ऋतिक रोशन की एंट्री हो गयी है। ऋतिक फिल्म अल्फा में कैमियो रोल करते नजर आ सकते हैं। फिल्म वॉर में ऋतिक ने एजेंट कबीर का किरदार निभाया था। एजेंट कबीर के किरदार के रूप में ऋतिक, फिल्म अल्फा में नजर आ सकते हैं। ऋतिक जल्द ही शूटिंग भी शुरू करेंगे। इससे पहले ऋतिक रोशन ने सलमान खान की स्पाई फिल्म फ्रेंचाइजी टाइगर की तीसरी किस्त यानी टाइगर 3 में भी कैमियो किया था। फिल्म अल्फा 25 दिसंबर 2025 को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

# अनुपम खेर ने विजय 69 के जरिए अपनी मां को दिया ट्रिब्यूट

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी आने वाली फिल्म विजय 69 के जरिये अपनी मां दुलारी को ट्रिब्यूट दिया है। नेटफिलक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की विजय 69 का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अपने बहुमुखी अभिनय के लिए प्रसिद्ध अनुपम खेर ने बताया कि उनका नया प्रोजेक्ट विजय 69 उनके लिए बहुत खास है, जो उनकी मां दुलारी को समर्पित है। यह फिल्म एक 69 वर्षीय व्यक्ति की प्रेरणादायक कहानी है जो जीवन में असंभव को संभव बनाने की चाह रखता है। अनुपम खेर ने बताया, विजय 69 मेरी मां दुलारी को मेरा ट्रिब्यूट है। उनके जीवन के प्रति जोश और हर दिन को खुलकर जीने का जुनून मुझे आज भी प्रेरित करता है। आज जो कुछ भी हूं, वह उन्हीं की वजह से हूं। मेरे अंदर का कभी हार न मानने वाला जज्बा उनकी ही देन है। उन्होंने मुझे सिखाया कि चाहे जो भी हो, कभी पीछे मत हटो।स्क्रिप्ट पढ़ते ही मुझे अपनी माँ का ख्याल आया और मैं इस फिल्म में काम करने के लिए उत्सुक था। हर दिन सेट पर मैंने उनकी सीख का अनुसरण किया।कभी हार मत मानो, खुद पर भरोसा रखो, और हर परिस्थिति में आगे बढ़ते रहो। यह फिल्म मेरी मां और उनके जैसे तमाम अनदेखे नायकों को समर्पित है, जो रोज अपने संघर्षों से लड़ते हैं। मेरी सबसे बड़ी गुरु वही रही हैं, और मेरी सफलता उन्हीं की देन है। फिल्म विजय 69 का प्रीमियर आठ नवंबर को नेटफिलक्स पर होगा।



# अनिल और राधिका की फिल्म सूबेदार की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अभिनेत्री राधिका मदान की एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म सूबेदार में अनिल कपूर और राधिका मदान की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं। फिल्म सूबेदार में राधिका मदान अनिल कपूर के किरदार, सूबेदार अर्जुन मौर्य की बेटी श्यामा की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म सूबेदार का निर्माण ओपनिंग इमेज फिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस फिल्म के निर्माता विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर, और सुरेश त्रिवेणी हैं। यह अमेजन प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म है।



# खिलाड़ियों को बरकरार रखने के लिए गिल के वेतन में कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- गुजरात टाइटंस के कप्तान ने स्वीकार किया टीम का फैसला आईपीएल में चाहिए मजबूत टीम

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अपने वेतन में कटौती स्वीकार करने का फैसला किया है और 31 अक्टूबर की समय सीमा से पहले इस आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने वाले वह दूसरे खिलाड़ी होंगे।

गिल ने 2024 में पहली बार टाइटंस की अगुआई की और वह तथा टीम प्रबंधन दोनों टीम के अहम खिलाड़ियों को बकरार रखने के लिए उत्सुक हैं। फ्रेंचाइजी के लिए रिटेन होने वाले पहले खिलाड़ी स्टार स्पिनर राशिद खान होंगे, इसके बाद गिल, साई सुदर्शन और दो अनकैप्ड (जिन्होंने कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों राहुल तेवतिया और शाहरूख खान को टीम रिटेन कर सकती है। अगले महीने होने वाली बड़ी नीलामी में फ्रेंचाइजी के पास राइट टू मैच कार्ड के जरिए एक और खिलाड़ी को अपने साथ बरकरार रखने का मौका होगा। गिल को भारतीय क्रिकेट ढांचे में भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जाता है। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा गिल ने वेतन में कटौती स्वीकार करने का फैसला किया है जिससे कि टीम के अहम खिलाड़ी बरकरार रह सकें और मजबूत टीम बने।

बड़ी नीलामी से पहले जारी आईपीएल रिटेंशन दिशानिर्देशों के अनुसार पहले खिलाड़ी को रिटेन करने पर टीम को 120 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई राशि में से 18 करोड़ रुपये का नुकसान होगा, दूसरे को रिटेन करने पर 14 करोड़, तीसरे को रिटेन करने पर 11 करोड़ कटेंगे। अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए टीम को प्रत्येक पर चार करोड़ रुपये खर्च करने होंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

